


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


**आषाढ़ी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं**

# ट्रेनी IAS ऑफिसर पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रद्द

## जांच पूरी होने तक मसूरी एकेडमी में रहेंगी | नाम बदलने और गलत उम्र बताने का आरोप

**अमित बृज । पुणे**

UPSC में नियुक्ति को लेकर विवादों में घिरीं ट्रेनी IAS ऑफिसर पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रद्द कर दी गई है। पूजा को 23 जुलाई तक मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है। जांच पूरा होने तक वह यहीं रहेंगी। महाराष्ट्र सरकार के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी नितिन गडरे ने 16 जुलाई को आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले पूजा को 15 से 19 जुलाई तक अकोला में आदिवासी विकास परियोजना में प्रशिक्षु के रूप में शामिल होना था, लेकिन वाशिम जिला अधिकारी ने इस पर रोक लगा दी।



### पूजा पर नाम, उम्र से छेड़छाड़ करने का भी आरोप

पूजा की UPSC में गड़बड़ी के मामले में और भी खुलासे हुए हैं। सामने आया है कि पूजा ने UPSC के अटेम्प्ट बढ़ाने के लिए अपने नाम और उम्र में बदलाव किया था। सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (CAT) में पूजा की तरफ से लगाए गए 2020 और 2023 के दो आवेदनों में पूजा के अलग-अलग नाम हैं। पूजा ने 2020 के आवेदन में अपना नाम 'खेडकर पूजा दिलीपराव' और उम्र 30 साल बताई थी। वहीं, 2023 में CAT के आवेदन में उन्होंने अपना नाम 'पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर' और उम्र 31 साल बताई। सवाल उठाया जा रहा है कि तीन साल के अंतराल में उनकी उम्र एक ही साल कैसे बढ़ सकती है। दरअसल, UPSC में जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट को 32 साल की उम्र तक 6 बार परीक्षा देने की अनुमति होती है। वहीं OBC कैटेगरी का अभ्यर्थी 35 साल तक 9 बार परीक्षा दे सकता है। सूत्रों के मुताबिक, पूजा ने कुल 11 बार सिविल सर्विसेस की परीक्षा दी हैं। इधर विवादों में घिरने के बाद मंगलवार को पूजा खेडकर ने कहा था कि उनका मीडिया ट्रायल न किया जाए। उन्होंने जांच पूरी होने तक खुद को दोषी मानने से भी इनकार कर दिया।

### पूजा ने पुणे कलेक्टर पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, शिकायत दर्ज

ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर के मामले में बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। अब विवादों से घिरीं पूजा खेडकर ने पुणे कलेक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए उन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। यह शिकायत सोमवार 15 जुलाई की देर रात तब दर्ज की गई, जब पूजा खेडकर ने वासिम पुलिस को अपने सरकारी गेस्ट हाउस में बुलाया।

### ट्रेनिंग प्रोग्राम कैंसिल

गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को विवादों में घिरीं आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का ट्रेनिंग प्रोग्राम रद्द कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक मसूरी ट्रेनिंग अकादमी में जॉइनिंग करने के आदेश दिए। 34 वर्षीय पूजा खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने यूपीएससी में चुने जाने के लिए फ्रॉड किया और कई विकलांग सर्टिफिकेट पेश किए।

### विकलांगता सर्टिफिकेट के लिए 2 आवेदन दिए, 1 खारिज

पूजा खेडकर ने दो बार विकलांगता सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया था। पुणे के औंध अस्पताल ने उनका आवेदन खारिज कर दिया था। औंध अस्पताल ने पूजा के आवेदन के जवाब में कहा, 'आपने 23 अगस्त 2022 को विकलांगता सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया था। आपकी ओर से बताई गई बीमारी लोकोमोटर विकलांगता की मेडिकल टीम ने 11 अक्टूबर 2022 को जांच की थी। टीम ने रिपोर्ट के आधार पर आपके दावे को उचित नहीं माना। आपके पक्ष में विकलांगता सर्टिफिकेट जारी करना संभव नहीं है। लोकोमीटर विकलांगता हड्डियों या मांसपेशियों को प्रभावित करती है, जिसके कारण हाथ-पैर के मूवमेंट में परेशानी हो सकती है। इसके बाद उन्होंने पिंपरी-चिंचवड़ के गवर्नमेंट अस्पताल में विकलांगता सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

### एडिशनल सेक्रेटरी की कमेटी 2 हफ्ते में जांच रिपोर्ट देगी

केंद्र ने 11 जुलाई को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी को वेरिफाई करने के लिए सिंगल मेंबर कमेटी का गठन किया है। केंद्र ने एक बयान में कहा कि यह जांच एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के अफसर कर रहे हैं। इसका मकसद 2023 बैच की अधिकारी खेडकर की उम्मीदवारी के दावों और अन्य डिटेल को वेरिफाई करना होगा। समिति अपनी रिपोर्ट दो हफ्तों में पेश करेगी। पूजा से जब उनकी जांच के लिए गठित कमेटी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पूजा ने कहा, 'मुझे इस पर कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं है। मैं कमेटी के सामने अपना पक्ष रखूंगी।'

**BMW कार क्रैश मामला**

# मिहिर शाह की मुश्किलें बढ़ी





▸▸ न्यायिक हिरासत बढ़ाई गई, अब 30 जुलाई तक जेल में रहना होगा

▸▸ मुंबई में हिट एंड रन मामले में मुख्य आरोपी है मिहिर

**धीरज सिंह । मुंबई/पुणे**

वर्ली बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। मंगलवार को मुंबई की एक अदालत ने मिहिर शाह की न्यायिक हिरासत 30 जुलाई तक बढ़ा दी है। बता दें कि मिहिर शाह की पुलिस हिरासत खत्म हो गई थी। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मुंबई पुलिस के अधिकारी आरोपी मिहिर शाह को शिवड़ी कोर्ट लेकर पहुंची थी।

### महिला की मौत, 1.5 किमी तक घसीटा शव

24 वर्षीय मिहिर पर कथित तौर पर अपनी BMW से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस हादसे में 45 वर्षीय कावेरी नखवा की मौत हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, टक्कर के बाद नखवा को 1.5 किमी तक घसीटा गया था।

### शराब पीने का आदी मिहिर

पुलिस ने कहा कि फुटेज में यह भी दिखाया गया है कि शाह ने महिला के शव को कार के नीचे से निकाला और उसे सड़क पर छोड़कर भाग गए। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया कि शाह ने शराब के नशे में अपनी कार से दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी। 45 वर्षीय महिला की जान लेने वाले मिहिर शाह ने पुलिस की पूछताछ में कबूला है कि वह शराब पीने का आदी है। यहीं नहीं, पुलिस को गुमराह करने के लिए मिहिर ने अपने बाल और दाढ़ी तक को कटवा लिया था। पुलिस ने नाई का बयान दर्ज कर लिया है।

# आषाढ़ी एकादशी यात्रा में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, कई सड़कें रहेंगी बंद

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

मुंबई पुलिस ने वडाला में आषाढ़ी एकादशी के मौके पर आयोजित होने वाले 'आषाढ़ी एकादशी यात्रा' के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। बुधवार को शहर के वडाला इलाके में बड़ी संख्या में वारकरी (भगवान विट्ठल के भक्त) जुटेंगे। इसके चलते मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने उक्त क्षेत्र की सड़कों को बंद करने का निर्णय लिया हैं।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट कर कहा, 17 जून को 'आषाढ़ी एकादशी' यात्रा के मद्देनजर बड़ी संख्या में श्रद्धालु वडाला के विट्ठल मंदिर के आसपास इकट्ठा




होंगे, जिससे सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बाधित होगी और ट्रैफिक जाम होगा। इस असुविधा को देखते हुए शहर की कुछ सड़कों को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके मुताबिक, 16 जुलाई को शाम 6 बजे से 18 जुलाई को सुबह 8 बजे तक कई सड़के बंद रहेंगी।

# हाईकोर्ट ने दी राहुल गांधी को राहत

## मानहानि मामले पर जल्द फैसला होना राहुल गांधी का वैधानिक अधिकारः कोर्ट

**दीपक पवार । मुंबई**

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके खिलाफ चल रहे मानहानि के मामले में जल्द फैसला पाने का वैधानिक अधिकार है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि 'संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को तुरंत और स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है।' उच्च न्यायालय ने मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा करने वाले आरएसएस कार्यकर्ता को मामले में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति दी थी। मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ ही राहुल गांधी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया था, जहां से उन्हें थोड़ी राहत मिली है।



### क्या है मामला ?

गौरतलब है कि आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है। इस पर मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी थी। इस पर राहुल गांधी ने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग करते हुए साल 2014 में दिए अपने भाषण की भी जानकारी दी।

### हाईकोर्ट की टिप्पणी

न्यायमूर्ति चह्वाण ने अपने आदेश में कुंटे पर सवाल उठाया और कहा कि उनके आचरण के कारण इस मामले में बेवजह की देरी हो रही है। उच्च न्यायालय ने कहा, 'प्रतिवादी संख्या 2 (कुंटे) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के मद्देनजर शिकायत के गुण-दोष के आधार पर उस पर जल्द से जल्द निर्णय पाने के याचिकाकर्ता (राहुल गांधी) के वैध अधिकार को रोकने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।' पीठ ने मजिस्ट्रेट को यह भी निर्देश दिया कि वह शिकायत पर शीघ्र निर्णय लें और उसका निपटारा करें क्योंकि यह एक दशक से लंबित है।



# मौत का एक्सप्रेसवे

▸▸ ट्रैक्टर से टकराई तीर्थयात्रियों से भरी बस

▸▸ 20 फीट गहरी खाई में गिरी; 5 की मौत, 7 गंभीर घायल

**मुंबई।** मुंबई में बस और ट्रैक्टर की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गई। बस सवार 42 अन्य लोगों की हल्की चोट आई हैं। घटना सोमवार रात 12.30 बजे की है। पुलिस ने बताया कि ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके से चार यात्री बस में सवार लोग आषाढी एकादशी मनाने (भगवान विठ्ठल की पूजा) पंढरपुर के लिए निकले थे। बसें जब मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर पहुंची तो एक बस जिसमें 54 लोग सवार थे, वो ट्रैक्टर से टकरा गई और 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों को पनवेल सब डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो हाइड्रा की मदद से बाहर निकाली बस

पुलिस के मुताबिक, खाई में गिरी बस को दो हाइड्रा की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद बस की तलाशी ली गई लेकिन कोई भी घायल या मृत नहीं मिला। हादसे के कारण मुंबई-पुणे हाईवे पर करीब 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

### घायल वारकरी भक्तों का उपचार मुफ्त : शिंदे

डोंबिवली से घेसरगाव से पंढरपूर निजी बस से वारकरी भक्त मुंबई-पूना हायवे सड़क पर भीषण दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी लोगों को कलंबोली स्थित महात्मा गांधी मिशन अस्पताल में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुलाकात किया। इस दुर्घटना में मृतक वारकरी के परिवार को 5 लाख रुपए की मदद देने के लिए कहा।




# बुलेट ट्रेन परियोजना

# कोलक नदी पर पुल का निर्माण पूरा

**परियोजना हेतु गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा महाराष्ट्र में अधिग्रहित की गई भूमि**

## अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना मार्ग पर 24 में से नौ पुलों का निर्माण पूरा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/अहमदाबाद**



अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत गुजरात के वलसाड जिले में कोलक नदी पर 160 मीटर लंबे पुल का निर्माण पूरा कर लिया है। नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एनएचआरसीएल ने बताया कि इसके साथ ही 508 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर 24 में से नौ नदी पुलों का निर्माण पूरा हो गया है। वापी और बिलिमोरा स्टेशनों के बीच पुल में 40-40 मीटर के चार फुल-स्पैन गर्डर हैं। कोलक नदी वापी से सात किलोमीटर और बिलिमोरा रेलवे स्टेशनों से 43 किलोमीटर दूर है। यह नदी वलवेरी के पास सापुतारा पहाड़ियों से निकलती है और अरब सागर में मिलती है। वलसाड में पार और औरंगा, नवसारी में पूर्णा, मिंधोला, अंबिका और वेंगानिया, खेड़ा में मोहर और वडोदरा जिले में ढाढर नदियों पर पुलों का निर्माण किया गया है। नर्मदा, ताप्ती, माही और साबरमती नदियों पर पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है।

### तेजी से हो रहा स्टेशनों का निर्माण

एनएचएसआरसीएल ने कहा कि स्टेशनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। गुजरात में सभी आठ स्टेशनों पर नींव का काम पूरा हो चुका है और सुपरस्ट्रक्चर का निर्माण अग्रिम चरण में है। स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आधुनिक और उन्नत सुविधाएं और सुख-सुविधाएं होंगी। कुछ को तेज और परेशानी मुक्त कनेक्टिविटी के लिए ऑटो, बस और टैक्सियों जैसे परिवहन के सभी बुनियादी साधनों के साथ एकीकरण के माध्यम से परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### 508 किलोमीटर में कुल 12 स्टेशन होंगे

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के 508 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 12 स्टेशन होंगे, जिनमें से आठ गुजरात में और चार महाराष्ट्र में होंगे। गुजरात में साबरमती, अहमदाबाद, आनंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा और वापी तथा महाराष्ट्र में बोइसर, विरार, ठाणे और मुंबई में स्टेशन बनाए जाएंगे।

### जरोली में पहली पर्वतीय सुरंग पूरी

वलसाड में जरोली गांव के पास 350 मीटर की पहली पर्वतीय सुरंग पूरी हो गई है और देश की पहली 7 किलोमीटर लंबी अंडरसी रेल सुरंग पर काम शुरू हो गया है, जो महाराष्ट्र में बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग का हिस्सा है। सरकार का लक्ष्य 2026 तक दक्षिण गुजरात में सूरत और बिलिमोरा के बीच बुलेट ट्रेन का पहला चरण चलाना है।

### 2017 में हुआ था शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिंजो आबे ने 14 सितंबर, 2017 को गुजरात में अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना का शुभारंभ किया था। 508 किलोमीटर का यह मार्ग तीन से साढ़े तीन घंटे में पूरा होने की उम्मीद है। जापान की शिंकानसेन तकनीक का उपयोग करके बनाई जा रही हाई-स्पीड रेल लाइन को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

## 803 किलो प्लास्टिक जब्त

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सभी प्रभाग समितियों में पिछले 15 दिनों में सिंगल यूज प्लास्टिक बंद मुहिम जोरों पर है। मनपा आयुक्त सौरभ राव के आदेशानुसार घनकचरा व्यवस्थापन विभाग, प्रदुषण नियंत्रण विभाग, अतिक्रमण व निष्कासन विभाग की ओर से कार्रवाई चल रही है। 1 से 15 जुलाई तक 1393 दुकानों से 803.23 किलों सिंगल यूज प्लास्टिक बंदी मुहिम के तहत जब्त कर 4 लाख 1 हजार 400 रुपये दंड वसूल किया गया। सिंगल यूज प्लॅस्टिक नही यूज करने के लिए कहा। इसके साथ ही जोरदार कार्रवाई कर दुकानों से प्लास्टिक को जब्त किया गया मनपा क्षेत्र के अंतर्गत यह कार्रवाई चलती रहेगी। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने नागरिकों से आवाहन किया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करे।

घनकचरा व्यवस्थापन विभाग, प्रदुषण नियंत्रण विभाग, प्रभागसमिती अतिक्रमण व निष्कासन विभाग की ओर से सोमवार 15 जुलाई को मनपा प्रभाग समिती में 288 दुकानों से 251 किलो प्लास्टिक जब्त कर 81 हजार दंड वसूल किया। मनपा अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोड़े के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

### 16 जुलाई को कार्रवाई में 251 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

- मनपा क्षेत्र के दिवा प्रभाग समिति में 52 दुकानों से 13 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 10 हजार दंड वसूल किया। मुंब्रा प्रभाग समिति में 45 दुकानों से 18 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 18 हजार 500 रुपए दंड वसूल किया।
- कलवा प्रभाग समिति में 35 दुकानों से 9 किलो प्लास्टिक जब्त कर 8 हजार दंड वसूल किया। उथलसर प्रभाग समिति से 40 दुकानों से 14.5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 9 हजार 500 दंड वसूल किया। वागले इस्टेट प्रभाग समिति में 56 दुकानों से 7.5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 6 हजार दंड वसूल किया। वर्तकनगर प्रभाग समिती में 20 दुकानों से 4 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 5 हजार दंड वसूल किया। माजिवाडा मानपाडा प्रभाग समिती में 40 दुकानों से 147 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 24 हजार दंड वसूल किया। यह जानकारी मनपा मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनिषा प्रधान ने दी। पर्यावरण उपायुक्त अनघा कदम ने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अजित खेमे को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नाम और चुनाव चिन्ह विवाद मामले में अजित पवार गुट को दो हफ्ते के भीतर हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुयान की पीठ के समक्ष इस मामले में सुनवाई हुई। शरद पवार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले का उल्लेख करते हुए पीठ को बताया कि इस कोर्ट ने अजित पवार खेमे को पार्टी के नाम और चिन्ह के संबंध में बीते 19 मार्च को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# चार लोगों की डूबकर मौत

**दोपहर संवाददाता । वसई**

वसई तालुका क्षेत्र में चार लोगों की पानी में डूबने से मौत होने की घटना घटी हुई है। वसई,नायगांव और विरार पुलिस ने बीएनएसएस 194 के तहत केस दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार,वसई पुलिस स्टेशन अंतर्गत अस्लम शौकत अंसारी (35),निवासी -भुईगांव वसई पश्चिम में रहता था।बताया जाता है कि अंसारी दो दिन से कर्ज के कारण डिप्रेशन मे था। उसने शराब के नशे और कर्ज के कारण भुईगांव डोंगरी में तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली।

### दूसरी घटना

दूसरी घटना में उद्धव महेश नाटेकर (21), विरार पूर्व में रहता था। उद्धव कुंभारपाड़ा स्थित तालाब में, जब अपने चार दोस्तों और 3 अज्ञात के साथ कमर तक पानी में एक-दूसरे के ऊपर खड़े होकर दहीहांडी का अभ्यास कर रहा था। इसी बीच वह डूब गया,आनन फानन में उसे इलाज के लिए ग्रामीण अस्पताल, विरार (प.) लाया गया तो वहां के डॉक्टर ने उसे भर्ती करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना में अंशु संजय बिललान (11) और आर्यन गोपीनाथ यादव (12),निवासी- वाकीपाडा नायगांव पूर्व में रहते थे। आर्यन और अंशू बारिश के पानी से भरे एक खड्डे में नहाने गए,जहाँ उनकी डूबने से मौत हो गयी।केस दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में एक युवती सहित छह गिरफ्तार

## गिरफ्तार नाबालिग आरोपी भेजे गए बाल सुधारगृह



**दोपहर संवाददाता । अंबरनाथ**

अंबरनाथ में एक मंदबुद्धि नाबालिक युवती को अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आयी है। इस घटना को अंजाम देने के मामले में अंबरनाथ पुलिस ने 6 आरोपियो को गिरफ्तार किया है जिंसमे एक युवती भी शामिल है। गिरफ्तार सभी आरोपी भी नाबालिग है।

मिली जानकारी के अनुसार खड़वली की रहने वाली पीड़ित नाबालिग लड़की शुक्रवार किसी काम के सिलसिले में अपनी दादी के साथ अंबरनाथ आई थी। घटना वाले दिन जब लड़की अम्बरनाथ से उल्हास की की तरफ सड़क पर अकेली चल रही थी, तभी रिक्शे पर सवार कुछ लड़के उसे पहचान दिखाकर अपने साथ पुरानी विमको कंपनी नपा के शूटिंग रेंज के पास सुनसान इलाके में ले गए। तथा सभी ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़ित लड़की पुलिस स्टेशन पहुंची व सारी हकीकत सुनाई ।पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लिया व अपनी जांच शुरू की। सीसीटीवी और अन्य जानकारी के आधार पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर ने स्थानीय पत्रकारों को बताया कि चूंकि आरोपी भी नाबालिग हैं, इसलिए उन्हें भिवंडी के बाल सुधार गृह भेज दिया गया है ।इन अपराधियो में एक युवती का भी समावेश है।

# महारेरा के अध्यक्ष पद पर सौनिक की नियुक्ति

**दीपक पवार । मुंबई**

पूर्व मुख्य सचिव मनोज सौनिक को महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी यानी महारेरा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आवास विभाग ने मंगलवार को सौनिक की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। महारेरा के अध्यक्ष के रूप में वर्तमान अध्यक्ष अजॉय मेहता का कार्यकाल 20 सितंबर, 2024 को समाप्त हो रहा है। यह कार्यकाल समाप्त होने के बाद सौनिक अपने पद का कार्यभार संभालेंगे।

### मेहता 2021 में महरेरा का अध्यक्ष नियुक्त

मेहता को महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान फरवरी 2021 में महरेरा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इनका कार्यकाल समाप्त होने में दो माह शेष हैं।

### दो माह पहले नियुक्ति आदेश




हालांकि, दो महीने बाद राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और आचार संहिता लग जाएगी। आचार संहिता की अवधि के दौरान सरकार कोई नियुक्ति या स्थानांतरण नहीं कर सकती। इसलिए सरकार ने दो महीने पहले नियुक्ति आदेश निकालकर सौनिक के लिए रास्ता साफ कर दिया।



### कौन है मनोज सौनिक?

महारेरा के अध्यक्ष नियुक्त किए गए मनोज सौनिक भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1987 बैच के कमीशन अधिकारी हैं। 30 अप्रैल 2023 को उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव का पदभार संभाला। आठ महीने बाद, सौनिक 31 मई 2023 को मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सौनिक को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रधान सलाहकार नियुक्त किया। अब विधानसभा चुनाव से पहले महरेरा की सत्ता पर मनोज सौनिक की नियुक्ति की गई है, जिसे अहम माना जा रहा है।

# पकड़ा गया वाहन चोर

**दोपहर संवाददाता । पालघर**



मवेशी चुराने के लिए चार पहिया वाहन चोरी के आरोपित को गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश करने में क्राइम ब्रांच युनिट 3 'विरार' की टीम ने सफलता पाई है। पुलिस ने 3 लाख रुपये का वाहन भी जप्त हुआ है। यह कार्यवाही पीएसआई उमेश भागवत की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि,13 जून 2024 और 14 जून 2024 के बीच एक ईको कार को अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गया। इस मामले में मांडवी थाने में अज्ञात के ऊपर धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

### पूछताछ में कई मामलों का खुलासा

पुलिस द्वारा संदिग्धों की पहचान की गई और आरोपित अरबाज अतिक मिसाल (24), निवासी-नालासोपारा को पकड़कर चोरी गयी 3,00,000 रूपये कीमत की ईको कार को कब्जे में ले लिया गया है ।पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपित से पूछताछ में कई मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपित पर वाहन चोरी और मवेशी चोरी जैसे कुल 4 अपराध दर्ज है। इनके वालीव पुलिस स्टेशन में दो ।नालासोपारा पुलिस स्टेशन में एक और डहाणू पुलिस स्टेशन में एक केस दर्ज है। फिलहाल, आगे की तहकीकात के लिए आरोपित को मांडवी पुलिस को सौप दिया गया है।

# उल्हासनगर भाजपा पार्टी से कई लोगों का मोह भंग

## 10 से 12 नगरसेवक शामिल हो सकते हैं राष्ट्रवादी पार्टी में



**आनंद शुक्ला । उल्हासनगर**

उल्हासनगर भाजपा पार्टी से कवि नगरसेवकों का और पदाधिकारी का मोह भंग हो चुका है। इसलिए वह दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। यह चीज उल्हासनगर में जल्द ही लोगों को देखने को मिलेगी।

### प्रदीप रामचंदानी से कई लोग नाराज

सूत्रों के अनुसार उल्हासनगर भाजपा पार्टी के अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी से कई लोग नाराज हैं और कई लोग संतुष्ट नही हैं जिससे भाजपा पार्टी में गुटबाजी तेज हो गई है और अंतर कलह मची हुई है। इसी के चलते 10 से 12 नगरसेवक बहुत जल्द दूसरी राजनीतिक पार्टी में शामिल हो सकते है। ऐसी चर्चा उल्हासनगर शहर में राजनीतिकों के बीच चल रही है। कहा जाता है कि प्रदीप रामचंदानी जब से भाजपा जिला अध्यक्ष बने हैं तब से कई लोगों ने भाजपा पार्टी से अपने आप को दरकिनार कर लिया और वह प्रदीप रामचंदानी के कार्यों से संतुष्ट नहीं है इसलिए वह सभी लोग पार्टी से धीरे-धीरे दूर होते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार 10 से 12 नगर सेवक दूसरे राजनीतिक पार्टी से संपर्क में लगातार बने हुए हैं और वह मौका देखकर उसे पार्टी में शामिल हो जाएंगे यह सभी लोग भाजपा अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी से असंतुष्ट बताए जा रहे है। प्रदीप रामचंदानी ने कुछ महीना पहले उल्हासनगर मनपा सार्वजनिक बांधकाम विभाग में 100 करोड़ का घोटाला बताया था और 42 करोड़ के टेंडर का विरोध किया था। इसके लिए प्रदीप रामचंदानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी रखी थी बाद में इस मामले मे प्रदीप रामचंदानी ने अंदरुनी समझौता कर लिया और टेंडर घोटाले का मामला टॉय टॉय फीस हो गया। दोबारा इस मामले में प्रदीप रामचंदानी ने अपना आज तक मुंह भी नहीं खोला जिससे लोग कह रहे हैं कि प्रदीप रामचंदानी अब शांत हो गए क्योंकि टेंडर में प्रदीप रामचंदानी को अपना हिस्सा मिल गया और वह खुद सार्वजनिक बांध काम विभाग में ठेकेदारी करते हैं। ऐसे कई और अन्य मामले हैं जिससे अन्य लोग नाराज बताए जा रहे हैं और भाजपा अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के कार्यों से कई लोग त्रस्त है इसलिए 10 से 12 पूर्व नगर सेवक भाजपा पार्टी को छोड़कर जल्द अन्य पार्टी में शामिल हो सकते हैं ऐसी चर्चा उल्हासनगर के राजनीतिकों में चल रही है।

# 9 साल की बच्ची के साथ हैवानियत करने वाली सौतेली मां पर दर्ज हुआ केस

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

एक नौ वर्षीय बच्ची के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है, जिसमें उसकी सौतेली मां पर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि बच्ची को नींद में बिस्तर खराब करने पर सजा दी जाती थी, जिसके तहत उसे चटके लगाए जाते थे। इलाके की महिलाओं ने बच्ची की चोटों और हालात को देखकर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। बच्ची के बयान के आधार पर सौतेली मां के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बच्ची को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है और उसकी देखभाल के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

गोवंडी स्थित शिवाजी नगर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। जहां एक नौ साल की मासूम को उसकी सौतेली मां ने उसके शरीर पर गर्म-गर्म चटके लगाए है, क्योंकि वह बार-बार बिस्तर पर पेशाब कर रही थी। इस संबंध में शिवाजी नगर पुलिस ने सौतेली मां के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सब इन्स्पेक्टर माणिक जाधव ने बताया कि महिला को जांच के लिए उपस्थित रहने का नोटिस जारी किया गया है।

### दो साल से जुल्म कर रही सौतेली मां

पुलिस के अनुसार, लड़की शिवाजी नगर इलाके के कमलारामन नगर इलाके में रहती है। दो साल पहले उसके पिता ने एक स्थानीय महिला से शादी कर ली थी। तब से ये सौतेली मां बच्ची पर जुल्म करतीं थी और लगातार पीटती आ रही है। चूंकि बच्ची कुछ दिनों से बिस्तर पर पेशाब कर रही थी। इस बात को लेकर भी वह उसकी पिटाई कर रही थी।

# नवाब मलिक को लेकर फिर आमने-सामने भाजपा और अजित गुट, महाआघाड़ी में मुख्यमंत्री का फैसला

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

राकांपा विधायक नवाब मलिक को लेकर महायुति में विवाद बना हुआ है। सोमवार को राकांपा (अजित) अध्यक्ष अजित पवार ने पत्रकारों से अनौपचारिक मुलाकात में कहा था कि नवाब मलिक ने विधान परिषद के चुनाव में हमारे पक्ष में मतदान किया था। उन्होंने एक बार फिर से अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की बात कही है। हालांकि अजित ने मलिक को टिकट देने के सवाल पर कहा कि इसका फैसला पार्टी संसदीय दल के नेता करेंगे। लेकिन खबर है कि अजित पवार ने मलिक को आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट देने का मन बना लिया है। वहीं मलिक के चुनाव मैदान में उतरने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का कहना है कि अगर अजित गुट नवाब मलिक को विधानसभा में उम्मीदवारी देता है तो पहले उस पर चर्चा जरूरी है। बावनकुले ने कहा कि उन्हें मीडिया के जरिए खबरें मिली हैं कि नवाब मलिक चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इस पर उन्होंने कहा कि कौन चुनाव लड़ेगा या नहीं लड़ेगा इसका फैसला उनकी पार्टी का अंतर्गत मामला है। लेकिन अगर किसी ऐसे व्यक्ति को हमारा सहयोगी दल चुनाव मैदान में उतारता है जिस पर पार्टी सवाल उठा चुकी है तो ऐसे में उस व्यक्ति की उम्मीदवारी पर गठबंधन के दलों में चर्चा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मलिक को टिकट दिया जाएगा या नहीं इसका फैसला तीनों दलों के नेता करेंगे।

### मलिक पर भाजपा की ना क्यों?

दरअसल जब राज्य में महाविकास आघाडी की सरकार थी तो नवाब मलिक अल्पसंख्यक मंत्री थे। उस दौरान मलिक ने मंत्री रहते हुए सुशांत सिंह राजपूत और अनिल देशमुख के मामले में भाजपा पर निशाना साधा था। जिसके बाद मलिक को अंडरवर्ल्ड से संबंध रखने और संपत्तियों की खरीद फरोख्त के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसी के बाद से भाजपा और नवाब मलिक के बीच तनातनी चल रही है। पिछले साल विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में नागपुर में जब मलिक जमानत पर बाहर आने के बाद सत्र में शामिल हुए थे तो वह सदन में सत्ताधारी पक्ष भाजपा और शिंदे गुट के विधायकों के बीच बैठ गए थे। जिस पर



गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सवाल उठाते हुए अजित पवार से मलिक पर कोई कड़ा फैसला लेने को कहा था। हालांकि अभी हाल ही में हुए विधान परिषद के चुनाव में मलिक ने अजित पवार के पक्ष में मतदान किया।

### महाआघाड़ी में मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव परिणाम के बाद होगा

महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के दोनों गठबंधनों महाविकास आघाडी और महायुति ने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा अभी तक दोनों ही गठबंधन तय नहीं कर पाए हैं। खबर है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को मुख्यमंत्री के चेहरे पर मीडिया में किसी भी बयानबाजी से बचने को कहा है। अब प्रदेश कांग्रेस के नेता भी कहने लगे हैं कि महाविकास आघाडी में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला चुनाव नतीजों के बाद ही होगा। हर रोज राज्य में सभी दलों के नेताओं के भावी मुख्यमंत्री के पोस्टर कार्यकर्ता लगाते रहते हैं, लेकिन अभी तक दोनों ही गठबंधनों में चुनाव के बाद कौन मुख्यमंत्री बनेगा इसको लेकर फैसला नहीं हुआ है। हालांकि प्रदेश भाजपा और अजित गुट के नेता कह चुके हैं कि महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। लेकिन आघाडी में अभी तक किसी एक नेता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर रजामंदी नहीं बन सकी है। हालांकि खबर है कि महाआघाडी में जैसे लोकसभा चुनाव तीनों दलों ने एक साथ मिलकर लड़ा था, उसी तरह से विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे
# दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# 'मराठा आरक्षण पर शरद पवार और कांग्रेस नेताओं का रुख साफ नहीं'



## विपक्ष पर बावनकुले का आरोप

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने विपक्ष के नेताओं पर मराठा आरक्षण को लेकर अपना रुख स्पष्ट न करने का आरोप लगाया है। चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को कहा कि मराठों को ओबीसी कोटे से आरक्षण मिलना चाहिए या नहीं, इस पर शरद पवार और कांग्रेस नेताओं का रुख स्पष्ट नहीं है।

### सोमवार को शरद पवार से मिले थे छगन भुजबल

महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार से उनके आवास पर मुलाकात की और मराठा आरक्षण मुद्दे और ओबीसी नेताओं की तरफ से इस पर आपत्ति जताए जाने पर उनसे हस्तक्षेप करने की मांग की थी। बता दें कि मराठा आरक्षण मुद्दे पर विपक्ष की तरफ से सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार करने के लिए शरद पवार पर परोक्ष रूप से हमला करने के एक दिन बाद यह दौरा हुआ।

### 'शरद पवार से भुजबल की मुलाकात का फैसला उचित'

नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मराठा आरक्षण मुद्दे पर चर्चा करने के लिए शरद पवार से मिलने के लिए एनसीपी नेता छगन भुजबल का फैसला उचित था, जिसका उद्देश्य सामाजिक सद्भाव बनाए रखना था। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल और राज्य विधानमंडल सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग पर मराठा समुदाय के साथ हैं।

### 'मराठों को ओबीसी कोटे से आरक्षण मिलना चाहिए'

चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि मराठों को ओबीसी कोटे से आरक्षण मिलना चाहिए या नहीं, इस पर शरद पवार और कांग्रेस नेताओं का रुख स्पष्ट नहीं है। भाजपा नेता ने कहा, इस मुद्दे पर शरद पवार से चर्चा करने का भुजबल का फैसला उचित था। यह महाराष्ट्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए की गई पहल थी। मुझे लगता है कि वह भुजबल के अनुरोध को स्वीकार करेंगे।

### 'एनसीपी को विधानसभा सीटों का सर्वेक्षण कराने के अधिकार'

वहीं एनसीपी की तरफ से राज्य चुनावों के लिए सभी 288 विधानसभा सीटों पर सर्वेक्षण करने के बारे में पूछे जाने पर, बावनकुले ने कहा कि पार्टी को अपना सर्वेक्षण करने का अधिकार है, और इसमें कोई असहमति नहीं है। उन्होंने कहा, महायुति के पास एक फॉर्मूला है और हमें सीटें जीतने और बनाए रखने के लिए प्रयास करने होंगे। इसी तरह, सीट जीतना इस बात से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि कौन सी सीट मिलती है। हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और जीतेंगे।

### 'विधानसभा चुनाव से पहले जनसंवाद यात्रा निकालेगी महायुति'

बता दें कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी नीत महायुति गठबंधन ने हाल ही में 11 विधान परिषद सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक चुनावों में सभी नौ सीटों पर जीत हासिल की। उन्होंने आगे कहा कि नवाब मलिक आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह मुद्दा एनसीपी प्रमुख अजीत पवार को तय करना है, लेकिन विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया जाना चाहिए। बावनकुले ने कहा कि भाजपा चुनाव से पहले महायुति सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों तक पहुंचने के लिए जनसंवाद यात्रा भी निकालेगी।

**अनमोल विचार** — हर बदलाव की शुरुआत मन से होती है : एंजेला मर्केल

# शादी में बम की धमकी देने वाला आरोपी निकला इंजीनियर

### पुलिस ने गुजरात से पकड़ा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस ने मंगलवार को अनंत अंबानी की शादी में बम की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, आरोपित शख्स ने सोशल मीडिया पोस्ट पर अंबानी के घर बम होने की धमकी दी थी। पुलिस के मुताबिक, 32 वर्षीय आरोपी गुजरात का रहने वाला है और पेशे से वह एक इंजीनियर है।



### कौन है आरोपी?

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान विरल शाह के रूप में हुई है। वह वडोदरा का निवासी है। मंगलवार सुबह मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गुजरात स्थित उसके घर से उसे गिरफ्तार किया।

### कैसे पकड़ा गया आरोपी?



अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान एक्स यूजर का पता वडोदरा में चला। इसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम को गुजरात भेजा गया और आरोपी को वडोदरा से पकड़ लिया गया। अब आरोपी को मुंबई लाया जा रहा है।

### अंबानी के घर की बढ़ाई गई थी सुरक्षा

इससे पहले, मुंबई पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया था। अनंत अंबानी की शादी में बम की संभावित धमकी से संबंधित एक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

### इस यूजर ने किया था अजीब सा पोस्ट

बता दें कि सोशल मीडिया पर यह पोस्ट FFSFIR नाम के यूजर ने किया था। इस पोस्ट में उसने लिखा था कि अगर अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में बम विस्फोट हो जाए, तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था उलट जाएगी। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सोशल मीडिया पोस्ट में आरोपी ने लिखा था, 'मेरे दिमाग में एक बेशर्मी भरा विचार आया कि अगर अंबानी की शादी में बम फट गया, तो आधी दुनिया उलट जाएगी। एक पिन कोड में खरबों डॉलर।'

### अफवाह या सच में दी थी धमकी?

इस पोस्ट की सूचना एक नागरिक ने पुलिस को दी जिसके आधार पर अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट को खंगाला। पुलिस ने इस बम की धमकी को एक अफवाह माना, लेकिन मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आयोजित विवाह समारोह के आसपास सुरक्षा बढ़ा दिए गए थे।

# 'निवारक निरोध आदेश देते समय अतिरिक्त सावधानी की जरूरत'



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को विभिन्न प्राधिकरणों और अधिकारियों से निवारक हिरासत के आदेश पारित करने को लेकर सावधानी बरतने को कहा है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि अधिकारियों का एक आकस्मिक दृष्टिकोण किसी व्यक्ति को उसके सबसे कीमती मौलिक अधिकार, उसकी स्वतंत्रता से वंचित कर सकता है। किसी व्यक्ति को अपराध करने से रोकने के लिए बिना किसी मुकदमे के हिरासत में लेना निवारक निरोध कहलाता है।

हाईकोर्ट ने यह निर्देश 2 जुलाई को अक्टूबर 2023 में एक व्यक्ति के खिलाफ पारित निवारक हिरासत आदेश को रद्द करते हुए दिया। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि याची को आदेश के खिलाफ प्रतिनिधित्व दायर करने का अवसर नहीं दिया गया था। इसके साथ ही खंडपीठ ने उसे रिहा करने का आदेश भी दिया।

### क्या है मामला ?

गौरतलब है कि याची राकेश जेजुरकर को अक्टूबर 2023 में माल की तस्करी करने उसे बढ़ावा देने और भविष्य में तस्करी के माल को छिपाने से रोकने के लिए हिरासत में लिया गया था। उस पर यह आरोप लगाया गया था कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति आदतन अपराधी था और दुबई से भारत में सुपारी की तस्करी में शामिल एक प्रमुख एजेंट था। इस मामले में भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसकी हिरासत का आदेश पारित किया था। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को निवारक रूप से हिरासत में लिया जाता है, तो अनुच्छेद 22 (4) और (5) के तहत दिए गए सुरक्षा उपायों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए। बता दें कि तो अनुच्छेद 22 (4) और (5)में बताया गया है कि किसी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक समय तक निवारक हिरासत में नहीं रखा जा सकता है। साथ ही जब किसी व्यक्ति को हिरासत में लिया जाता है तो उसे आदेश के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का यथाशीघ्र अवसर दिया जाना चाहिए।

# सुनेत्रा पवार और शरद पवार की मुलाकात को एनसीपी ने बताया अफवाह

दोपहर संवाददाता | मुंबई

एनसीपी उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार और एनसीपी (सपा) अध्यक्ष शरद पवार के बीच कोई मुलाकात नहीं हुई है। इसकी पुष्टि महाराष्ट्र एनसीपी प्रवक्ता सूरज चव्हाण ने की है। दरअसल, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया में यह खबर काफी वायरल हो रही थी कि सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को पुणे में मोदी बाग स्थित अपने आवास पर वरिष्ठ नेता शरद पवार से मुलाकात की थी। हालांकि, NCP ने इन दावों को खारिज कर दिया है।



### सूरज के वीडीयो संदेश में क्या?

सूरज ने अपने वीडियो संदेश में स्पष्ट किया कि 'सुनेत्रा मोदी बाग गईं, जहां हमारी पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार की बहन रहती हैं। वह दूसरे विंग में रहती हैं। सुनेत्रा के एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मिलने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।' सूरज ने टीवी चैनलों से इस संबंध में खबरें दिखाना बंद करने की अपील की है। वहीं, राकांपा ने कार्यकर्ताओं के बीच किसी भी तरह के भ्रम से बचने के लिए तत्काल स्पष्टीकरण जारी किया है।

### छगन भुजबल की मुलाकात से मची हलचल

बता दें कि यह खबर ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले ही राकांपा के वरिष्ठ मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को वरिष्ठ नेता शरद पवार से उनके मुंबई आवास पर मुलाकात की थी और मराठा-ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर तनाव कम करने में हस्तक्षेप करने की मांग की थी। भुजबल और एनसीपी दोनों ने स्पष्ट किया कि यह बैठक राजनीतिक नहीं थी, बल्कि मराठा और ओबीसी समुदायों द्वारा चल रहे आंदोलन की स्थिति के बारे में मराठा नेता को जानकारी देने और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

### शरद पवार और अजित पवार के बीच होगी सुलह?

एनसीपी का स्पष्टीकरण रविवार को बारामती में जन सम्मान रैली के मद्देनजर आया है, जिसे राज्य भर में पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनावों में महायुति की जीत की अपील करने के लिए आयोजित किया गया था।

# छत्रपति संभाजी नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1056 घर बनाए जाएंगे



**मुंबई।** चूंकि सरकार देश के बेघर नागरिकों को उचित आश्रय प्रदान करके उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए राज्य के आवास मंत्री ने इस बात पर जोर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्रपति संभाजी नगर के नक्षत्रवाड़ी में म्हाडा द्वारा जल्द ही 1056 फ्लैटों की कला आवास परियोजना का निर्माण किया जाएगा। अतुल सावे ने आज छत्रपति संभाजी नगर में किया।

छत्रपति संभाजी नगर हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के तहत छत्रपति संभाजीनगर शहर और जिले, लातूर, जालना, नांदेड़, हिंगोली, परभणी और धाराशिव में विभिन्न आवास योजनाओं के तहत उपलब्ध 1133 फ्लैट और 361 भूखंडों के वितरण के लिए राज्य आवास मंत्री समिति अतुल छत्रपति संभाजीनगर कलेक्टोरेट के जिला योजना हॉल में म्हाडा द्वारा आज कम्प्यूटरीकृत ड्रा निकाला गया। इस समय सावे बोल रहा था।

# पंढरपुर के लिए विशेष ट्रेन सीएसएमटी से रवाना

दोपहर संवाददाता | मुंबई

आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर के लिए विशेष ट्रेन सेवा (एफटीआर पर) भक्तों द्वारा "विट्ठल विट्ठल" के दिव्य मंत्रों के बीच सीएसएमटी से रवाना हुई। आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर के लिए एक विशेष ट्रेन "विट्ठल विट्ठल" के दिव्य मंत्रों और भक्तों द्वारा भजनों के गायन के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना हुई।



### उपमुख्यमंत्री सहित ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, महाराष्ट्र सरकार के माननीय पर्यटन और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री और मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के पालक मंत्री, मंगल प्रभात लोढ़ा तथा माननीय विधान सभा सदस्य, आशीष शेलार भी उपस्थित थे। एफटीआर (पूर्ण टैरिफ दर) के आधार पर विशेष ट्रेन संख्या 00123 दिनांक 16.7.2024 को 15.44 बजे सीएसएमटी से रवाना हुई और दिनांक 17.7.2024 को 03.30 बजे पंढरपुर पहुंचेगी। अपनी वापसी यात्रा पर, ट्रेन दिनांक 18.07.2024 को 10.50 बजे पंढरपुर से रवाना होगी और उसी दिन 20.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। भक्तों के ट्रेन में चढ़ने और उतरने के लिए ठाणे स्टेशन पर भी ठहराव (स्टोपेज) दिया गया है। यह विशेष ट्रेन आषाढ़ी एकादशी उत्सव के लिए पंढरपुर जाने वाले बड़ी संख्या में भक्तों को सुविधा प्रदान करेगी। इस अवसर पर शांति भूषण, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) और मुंबई मंडल के अन्य वरिष्ठ शाखा अधिकारी भी उपस्थित थे।

# म्हाडा के ओशिवारा में एक प्लॉट के लिए सबसे ऊंची बोली 125 करोड़ रुपए

### मेदांता हॉस्पिटल ऑफ ग्लोबल हेल्थ को मिला प्लॉट

दीपक पवार | मुंबई

म्हाडा के मुंबई बोर्ड द्वारा मुंबई और ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड की विभिन्न कॉलोनियों में शैक्षिक आरक्षण के लिए आरक्षित एक अस्पताल और चार भूखंडों की बिक्री के लिए आयोजित ई-नीलामी में निविदाएं खोली गई हैं। उनके मेदांता हॉस्पिटल ने यह प्लॉट 20 लाख रुपये में खरीदा था। 125 करोड़ की बोली लगी है. मेदांता अस्पताल भारत के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक है और विश्व स्तरीय व्यापक किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए देश में प्रसिद्ध है। मुंबईकरों को जल्द ही म्हाडा के माध्यम से मेदांता अस्पताल की सेवाएं भी मिलेंगी।



### 5 भूखंडों की ई-नीलामी में टेंडर खोलने की प्रक्रिया लागू

मुंबई बोर्ड द्वारा 5 भूखंडों की ई-नीलामी में टेंडर खोलने की प्रक्रिया लागू की गई। इसमें मौजे ओशिवारा में 8850 ।25 वर्ग। मैं। अस्पताल हेतु आरक्षित भूखण्ड हेतु रू। बेस प्राइस 67 करोड़ 49 लाख तय किया गया था। सबसे ऊंची बोली ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड की थी। उनके मेदांता अस्पताल ने 125 करोड़ रुपये की कीमत चुकाकर यह प्लॉट हासिल किया है।

### यहाँ लगी बोली

इसके अलावा मलाड मालवणी में 1989 ।72 वर्ग। मीटर एजुकेशनल फैसिलिटी प्लॉट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एजुकेशन ने 11 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली के साथ जीता और टैगोर नगर मौजे हरियाली में 29 ।49 वर्ग मीटर का एजुकेशनल फैसिलिटी प्लॉट 12 करोड़ 21 लाख रुपये की बोली लगाकर जीता। बोर्ड ने इन सुविधा भूखंडों के लिए आधार मूल्य 10 करोड़ 66 लाख रुपये और 11 करोड़ 81 लाख रुपये तय किया था।

वहीं, कन्नमवार नगर विक्रोली में महिला पॉलिटेक्निक संस्थान के लिए 3010 ।23 वर्ग मीटर आरक्षित है। प्लॉट नवचेतना चैरिटेबल संस्था को दिया गया है और इसके लिए रु। 18 करोड़ 5 लाख की बोली लगी। म्हाडा ने इस प्लॉट के लिए बेस प्राइस 17 करोड़ 75 लाख रुपये घोषित किया था। इसके अलावा टैगोर नगर विक्रोली में 3360 ।15 वर्ग मी। राधिकाबाई मेघे महिला शिक्षण संस्था का शैक्षणिक आरक्षण भूखंड प्राप्त हो गया है। मुंबई बोर्ड द्वारा रु। जबकि इस प्लॉट की मूल कीमत 21 ।52 करोड़ रुपये थी। 26 करोड़ दिए जाएंगे


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**

कस्तूरबा अस्पताल, साने गुरुजी मार्ग, मुंबई-400011

नं.एचओ/3413/केएच तारीख 15/07/2024

**ई-निविदा सूचना**

नीचे दिए गए कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा चिकित्सा अधीक्षक कस्तूरबा अस्पताल द्वारा बीएमसी के आयुक्त की ओर से आमंत्रित की जाती है।

| अनु क्रमांक | बोली क्रमांक | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2024_एमसीजीएम_1053304_1 | कस्तूरबा अस्पताल में टीबी कल्चर और डीएसटी लैब से संबंधित विभिन्न लघु सहायक कार्य। | मात्रा के बिल के अनुसार |

बोली शुरूः 17/07/2024 को सुबह 10.00 बजे    बोली समाप्तिः 23/07/2024 को शाम 04.00 बजे

संपर्क अधिकारी : डॉ.चंद्रकांत. पी. पवार,चिकित्सा अधीक्षक, कस्तूरबा अस्पताल
टेली.नं.022- 23027769

ई-निविदा दस्तावेजों के अनुसार ई-निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए। पूर्ण ई-निविदा दस्तावेज ई-निविदा पोर्टल http://portal.www.mcgm.gov.in पर उपलब्ध हैं।

हस्ता.
चिकित्सा अधीक्षक
कस्तूरबा अस्पताल

पीआरओ/535/विज्ञा./2024-25

वृक्ष लगाएं, जीवन बचाएं।

## संपादकीय

# आत्ममंथन करे भाजपा

हालिया लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के कुछ ही समय बाद सात राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक अपनी कामयाबी से खासा उत्साहित है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने तेरह में से दस सीटें जीत ली हैं। जहां कांग्रेस ने चार सीटें जीती हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने भी चार सीटें जीती हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जालंधर पश्चिम सीट जीती है तो डीएमके ने तमिलनाडु में विक्रवंडी निर्वाचन क्षेत्र में जीत दर्ज की है। भाजपा को हिमाचल प्रदेश व मध्यप्रदेश में एक-एक सीट मिली है तो बिहार में एक निर्दलीय जीता है। हालांकि, यह एक हकीकत है कि देश में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में मतदाता अलग-अलग पैटर्न से वोट देता है। तमाम स्थानीय मुद्दे भी विधानसभा चुनाव में असर डालते हैं। लेकिन फिर भी चुनाव परिणामों की स्थिति को देखते हुए भाजपा आत्ममंथन के लिये मजबूर जरूर होगी। इसकी एक वजह यह भी है कि इस साल के अंत तक जहां हरियाणा, महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में भी दस विधानसभा क्षेत्रों में भी उपचुनाव होने हैं। भाजपा के लिये चिंता की बात यह भी होगी कि जिस उत्तराखंड में उसकी सरकार है और हालिया लोकसभा चुनाव में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया था, वहां दो विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों में वह क्यों हारी। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड व हिमाचल की जीत कांग्रेस का मनोबल बढ़ाने वाली है क्योंकि लोकसभा चुनाव में उसे दोनों राज्यों में भाजपा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पंजाब में आम आदमी पार्टी राज्य में सरकार होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में तेरह में सिर्फ तीन सीटें जीत पायी थी। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिये यह राहत की बात होगी कि उनकी पार्टी ने उपचुनाव में सफलता हासिल की है। दूसरी ओर हिमाचल में भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राहत की सांस ले सकते हैं कि चुनाव परिणामों के बाद उनकी सरकार सुरक्षित हो गयी है। बहरहाल, पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने बता दिया कि पश्चिम बंगाल में दीदी का ही एकछत्र राज्य चलेगा। राज्य में टीएमसी ने चार सीटें जीती हैं और तीन सीटें भाजपा से छीनी हैं। वहीं तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने भी अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है। बहरहाल, केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के तुरंत बाद आए उपचुनावों के नतीजे निस्संदेह भाजपा को असहज करने वाले ही हैं। वहीं संसद के हालिया सत्र में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाले पुनर्जीवित विपक्ष के लिये उपचुनाव के नतीजे शुभ संकेत ही कहे जा सकते हैं। हालांकि, विपक्षी खेमे के लिये यहां आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश ज्यादा नहीं है क्योंकि भाजपा भारी बाधाओं के बावजूद चुनाव जीतने का दमखम जरूर रखती है। बहरहाल, यह भाजपा के लिये भी ईमानदारी से आत्ममंथन करने का वक्त है ताकि उसे पता हो सके कि पार्टी की नीतियों में कहां चूक हो रही है। साथ ही यह भी कि उसमें कैसे सुधार किया जा सकता है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों का एक पहलू यह भी है कि मतदाताओं ने उत्तराखंड, हिमाचल व पंजाब में दलबदल करने वाले नेताओं को सबक भी सिखाया है। उत्तराखंड की चर्चित बद्रीनाथ सीट को कांग्रेस बचाने में कामयाब रही है। उसके सिटिंग एमएलए ने पाला बदलकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार जनता ने उन्हें नकार दिया। हिमाचल प्रदेश में रोचक परिदृश्य उभरा है जहां देहरा सीट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी चुनाव जीत गई हैं। प्रदेश में यह पहली बार होगा कि मुख्यमंत्री व उनकी पत्नी सदन में एक साथ होंगे। वहीं अब चालीस विधायक होने से सुक्खू सरकार पर बना वह संकट टल गया, जो कुछ माह पूर्व राज्यसभा चुनाव के वक्त पैदा हो गया था। हां, इतना जरूर है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के दिग्गज नेता का गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा सीट भाजपा ने छीन ली है। बहरहाल, हरियाणा, महाराष्ट्र व झारखंड के आसन्न विधानसभा चुनाव व यूपी के उपचुनावों के दृष्टिगत हालिया उपचुनाव परिणाम भाजपा को विचलित करने वाले जरूर हैं।

# शिक्षा के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने का समय



**अविजित पाठक**

यह सवाल अकसर सामने आ खड़ा होता है कि क्यों शिक्षा पर लिखना जारी रखा जाये। शायद, इसलिए कि 'शिक्षा' को लेकर जो प्रचलित परिभाषाएं समाज ने बना रखी हैं, उनसे सहमत होना मुश्किल है। शिक्षा के अर्थ, वर्तमान युग में आम समझ के अनुसार मुख्यतः तीन हैं : (अ) शिक्षा एक प्रकार का 'प्रशिक्षण' है या 'कौशल सीखने' का जरिया (ब) शिक्षा एक किस्म से पायदान-दर-पायदान चढ़ते हुए सीखना है या यह वह राह है जिससे होकर कोई एक खास शैक्षणिक विशेषज्ञता वाली विधा में 'विशेषज्ञ' बनता है (स) यह किसी छात्र को एक 'संसाधन' में परिवर्तित करती है, जिसका उपयोग किसी आर्थिक-सैन्य-तकनीकी प्रयोजन में हो। लेकिन फिर, शिक्षा को लेकर रखे गए ऐसे संकुचित, उपयोगितावादी, तकनीकी रुख से असहज होना स्वाभाविक है। कारण यह कि यदि शिक्षा हमारे अंदर मानवीयता, सौंदर्य बोध, नैतिकता, आध्यात्मिकता की समझ को सक्रिय न कर पाए तो यह खराब एवं खतरनाक बनी रहेगी, भले ही यह देश की आर्थिक वृद्धि दर में बढ़ोतरी के लिए 'कुशल' श्रम शक्ति क्यों न पैदा करती हो या तकनीकी-सैन्य क्षेत्र के लिए 'मानव संसाधन' पैदा करने वाली हो या फिर किसी कॉलेज, यूनिवर्सिटी को 'टॉप रैंकिंग' दिलवाने हेतु हजारों की संख्या में रिसर्च पेपर तैयार करने वाली हो।

इस मामले में सख्त रुख की दरकार है। यह कहना हिचक वाली बात नहीं कि इस किस्म की मशीनी शिक्षा सैन्यीकरण, युद्ध की मानसिकता, पर्यावरणीय आपदाओं, दूसरों से नफरत करने वाले राष्ट्रवाद, धार्मिक कट्टरवाद और अति उपभोक्तावाद से मुक्त नई दुनिया बनाने में पूरी तरह अक्षम साबित हुई है। इन दिनों, हमारे पास भरमार है ऐसे विशेषज्ञों की जो अंतरात्मा विहीन हैं, तकनीक की जो आत्मा से रहित है, बाजार जो नैतिकता मूल्यों से विहीन है, और मानव संसाधन जिसमें समृद्ध अंतःकरण और उच्च आदर्श नदारद हैं। शिक्षा का मौजूदा प्रचलित तरीका, शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को बेलगाम योद्धा में तबदील कर रहा है, यह स्थिति आगे ऐसी पीढ़ी बना रही है जो आनंद-विहीन एवं आक्रामक है, जिसको जरा चैन नहीं, जिसपर भय, मनोवैज्ञानिक संत्रास और आध्यात्मिक मूर्खता तारी है।

हां, यही मनोव्यथा आलोचना करने को उकसाती है। सफलता का पैमाना बना दी गईं नीट, जेईई, नेट और क्युएट जैसी परीक्षाओं की आलोचना– इम्तिहान जो हमारे विद्यार्थियों का आनंद, विचारशीलता, आत्मबोध, सहजता से सीखना जैसी नैसर्गिकता छीन रहे हैं। 'कोटा एकेडमी संस्कृति' का निंदक होना बनता है, राजस्थान का यह शहर जीवन लीलने वाला कोचिंग-उद्योग या किशोर जीवनकाल के जादुई वर्ष छीनने वाली मशीनों का पर्याय बन गया है और उन्हें 'परीक्षा योद्धा' सरीखे रोबोट्स में परिवर्तित कर रहा है, जिन्हें केवल एक ही चीज़ पता है– भौतिकी या गणित के सवालों को कैसे जल्द से जल्द अथवा तत्काल हल करना है। गुस्सा आता है, उच्च शिक्षा का कॉर्पोरेटीकरण करने पर या शिक्षा का रुतबा 'प्राप्त सैलरी पैकेज' से मापने के भौंडे तरीके पर। और हां, कला एवं मानविकी को हेय गिने जाने पर चिंता उपजती है। इस संदर्भ में, शिक्षा के भुला दिए कुछ आदर्शों की याद आना समीचीन है। मसलन, संवेदनशीलता, जिस पर जिद्दू कृष्णमूर्ति बारम्बार जोर देते थे, वह जो बौद्धिकता का उच्चतम स्वरूप है– संवेदनशीलता जिंदगी के प्रति या प्रकृति के लिए। कृष्णमूर्ति युवा छात्रों को प्रेरित किया करते थे कि वे सूरज डूबने के विस्मयकारी दृश्य को पूर्ण चेतनता और समाधिस्थ अवस्था से निहारे। यह दिवास्वप्न देखने वाला निठल्लापन नहीं है, न ही समय की बर्बादी, यह भौतिकी और गणित से अल्पकालिक निजात भी नहीं है, इसकी बजाय यह सजग बनने, जागृत बौद्धिकता विकसित करने और उस स्वः को पोषित करने के लिए है, जो दुनिया से खुद का जुड़ाव बनाए। एक तरह से, यह शिक्षा का बोधात्मक, आध्यात्मिक पहलू है जो रबिन्द्रनाथ टैगोर द्वारा महज विद्यार्थियों की फौज खड़ी करने और दमनकारी शिक्षा संस्कृति की आलोचना में झलकता है और उनकी चाहत थी कि शिक्षार्थी युवाओं में कलात्मकता, सौंदर्यबोध का विकास हो। देवी प्रसाद के बारे में सोचें– एक महान कलाकार और गांधी एवं टैगोर के शिष्य! अंतर्दृष्टि जागृत करने वाली उनकी लिखी किताब : 'आर्ट : द बेसिस ऑफ एजुकेशन' मुझे बच्चे में अंदरूनी सृजनशीलता पैदा करने की जरूरत की याद दिलाती है। जरा उस नुकसान की तीव्रता के बारे में सोचें, जो हम अपने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को पहुंचाते हैं, जब हम उन्हें अंतस से जुड़ने का खूबसूरत बोध विकसित करने से महरूम करते हैं। तब वे भय, तनाव और अति-प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ बड़े होते हैं।

और अंत में, ख्यात राजनीतिक सिद्धांतकर्ता एवं दार्शनिक मार्था नुशबॉम का कथन दोहराया जाये : 'हर चीज़ लाभ कमाने के वास्ते नहीं होती, लोकतंत्र को मानवीयता की आवश्यकता है'। हम अपने कॉलेज-यूनिवर्सिटियों को मुख्यतः तकनीकी-वैज्ञानिक-अर्थशास्त्र पढ़ाने के स्थल की तरह देखते हैं और परिणामवश कला एवं मानवशास्त्र का अवमूल्यन हो रहा है। जैसे कि नुशबॉम की दलील है, यह वह सोच है जिसमें शिक्षा का मुख्य ध्येय छात्रों को आर्थिक रूप से उत्पादक होना सिखाना है, न कि आलोचनात्मक रूप से सोचने वाला, ज्ञानवान, उत्पादक किंतु सहृदय प्राणी बनाना।वाकई यही वक्त है, शिक्षा का असल अर्थ क्या है, इस बारे में पुनर्विचार करने का। यदि शिक्षा को घोर बाजारीकरण, तकनीकी-मशीनी तार्किकता और अस्तित्व के लिए खतरा बनी होड़ के वायरस से न बचाया, तो हम नई पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा बैठेंगे। इस अपराध के लिए हमें कतई माफी नहीं मिल पाएगी।

## सहज योग

# सारे प्रश्नों को अचेतन में छोड़ो



आपके प्रश्न हल करने के लिए बहुत बड़ी कमिटी बैठी हुई है। उसमें पांचों तत्त्वों के अभिनायक बैठे हुए हैं, ब्रह्मदेव। सारे धर्म को बनाने वाले बैठे हैं, विष्णु और सारे संसार की स्थिति ले कर के और लय ले कर के बैठे हये हैं, शंकर जी।

मैं कह रही हूं कि तुम्हारे सामने जो भी प्रश्न हैं, उन प्रश्नों को तुम अचेतन में छोड़ो, वो मेरे पैर में बह रहा है। माने ये कि कोई भी प्रश्न, अब तुमको अपनी लड़की का प्रश्न है समझ लो। उसमें खोपड़ी मिलाने से कुछ नहीं होने वाला। जो भी प्रश्न है वो यहां छोड़ दो। उसका उत्तर मिल जायेगा। अब तुम अगर सोचते हो कि इस चीज़ से लाभ होगा, वो नहीं बात। जो परमात्मा सोचता हैं तुम्हारे लिये जो हितकारी चीज़ है, वो घटित हो जायेगी। वो तुम कर भी नहीं सकते हो। इसलिये उसको छोड़ दो तुम क्यों बीच में तंगड़ियां तोड़ रही हो? तुम क्यों परेशान हो रही हो? तुमको परेशान होने की कोई जरूरत नहीं। तुम छोड़ तो दो जो तुम्हारे सारे प्रश्नों को सॉल्व करने के लिये पूरी इतनी कमिटी बैठी हुयी है, उनके पास छोड़ो तुम। सहजयोग में यही तो कमाल है, कि सर का बोझा उतर गया उनकी खोपड़ी पर। छोड़ के देखो। ऐसे कमाल होंगे, ऐसे कमाल होंगे, कि बस। लेकिन मनुष्य की खुद्दारी की बात हो जाती है। आखिर तक वो यही सोचते रहता है कि, 'मुझी को करना है। और सोचते रहिये, एक के ऊपर एक ताना, बाना चलता रहेगा। कितना भी आप करते रहिये। आखिर आप पाईयेगा, कि आप कहीं भी नहीं पहुंचे और पागलखाने में ही आप जाईयेगा। आपके प्रश्न हल करने के लिए बहुत बड़ी कमिटी बैठी हुई है। उसमें पांचों तत्त्वों के अभिनायक बैठे हुए हैं, ब्रह्मदेव। सारे धर्म को बनाने वाले बैठे हैं, विष्णु और सारे संसार की स्थिति ले कर के और लय ले कर के बैठे हये हैं, शंकर जी। उनको भी तो कभी कभी चान्स दो। क्या तुम्ही लोग सारे प्रश्नों को ठीक करोगे? और जैसे ही आप निर्विचार में होना शुरू कर देंगे, आप देखियेगा, आपके अन्दर ये तीनों ही शक्तियां अपने आप बन जायेंगी। अपने आप सुलझ जायेंगी, धर्म, अर्थ और काम। बिल्कुल वो ठीक से। अपने अपने जगह बैठ जायेगी। निर्विचारिता में रहने से आपके अन्दर जो प्रश्न है, उसमें कॉस्मिक चेंज आता है। ये कोई अन्दरूनी घटना घटित होती है। उसके सूत्र पर घटना होती है। जैसे एक आदमी समझ लीजिये की शराब पीता है। मिसाल के तौर पर। वो मेरे पास आता है। 'माताजी, ये शराब पीता है। उसकी शराब छुडाओ।' उसकी कुण्डलिनी जागृत करते ही, उसकी कॉस्मिक दशा ऐसी हो जाती है, कि वो शराब पीता है तो उसको उलटी होती है। फिर ये भी हो सकता है कि शराब की भी जो मादक शक्ति है, उसको भी खत्म कर सकते हैं, जब शक्ति पर बैठे हैं, तो हर तरह की शक्ति को ले सकते हैं। जितनी डिस्ट्रक्टिव शक्ति है उसको भी खत्म कर सकते हैं। लेकिन आप जो ये अपने छोटे से दिमाग में, हर एक चीज़ को सुलझाने का प्रयत्न करते हैं, उसी में गड़बड़ हो जाता है। बिल्कुल निर्विचार। मेरे पैर पर भी लोग रहते हैं। तभी वो विचार में रहते हैं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत | निर्मलजीत सिंह सेखों

# 'फ्लाइंग बुलेट्स' और परमवीर चक्र विजेता



**फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों परमवीर चक्र से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें यह सम्मान 1971 में मरणोपरांत मिला। भारतीय वायु सेना के एकमात्र परमवीर चक्र विजेता निर्मलजीत सिंह सेखों 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ उस युद्ध में शहीद हो गए थे, जिसमें भारत विजयी हुआ था। पाकिस्तान से दूर बांग्लादेश के नाम से एक स्वतंत्र राष्ट्र बनना। इस समय निर्मलजीत सिंह को तुरंत श्रीनगर वायु सेना हवाई अड्डे पर तैनात किया गया था और निर्मलजीत सिंह को नेट हवाई जहाजों पर उनके करिश्मे के लिए उस्ताद माना जाता था।**

निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म 17 जुलाई 1945 को पंजाब के लुधियाना के इस्सेवाल गांव में हुआ था। त्रिलोक सिंह सेखों और श्रीमती हरबंस कौर के पुत्र, फ़्लाइंग ऑफ़र निर्मलजीत बचपन से ही विमान और वायु सेना के जीवन से आकर्षित थे क्योंकि उनका गांव लुधियाना के पास वायु सेना बेस हलवारा के आसपास स्थित था। वह अपने पिता के अनुभवों से भी प्रेरित थे जिन्होंने भारतीय वायुसेना में सेवा की और बाद में (मानद) फ्लाइट लेफ्टिनेंट के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

एफजी ऑफिसर निर्मलजीत ने लुधियाना के पास खालसा हाई स्कूल अजीतसर मोही में पढ़ाई की और बाद में 1962 में आगरा के दयालबाग इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लिया। हालांकि उन्होंने इंजीनियरिंग कोर्स बीच में ही छोड़ दिया और आईएएफ में शामिल हो गए। उन्हें 04 जून 1967 को एक लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायुसेना में नियुक्त किया गया था। अपना कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, एफजी ऑफिसर निर्मलजीत अक्टूबर 1968 में नंबर 18 स्क्वाड्रन में शामिल हुए, जिसे ‘फ्लाइंग बुलेट्स’ के नाम से जाना जाता है।

एफजी ऑफ़र सेखों भारतीय वायुसेना के पहले अधिकारी थे जिन्हें देश का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार, ‘परमवीर चक्र’ मिला था और उन्हें भारतीय वायुसेना के सबसे महान वायु योद्धाओं में से एक के रूप में याद किया जाता है।

## जीवन ऊर्जा

एंजेला मर्केल : जन्म- 17 जुलाई, 1954 — जन्म

एंजेला मर्केल ने 22 नवंबर 2005 को चांसलर के रूप में शपथ ली और 2017 में चौथे कार्यकाल के लिए चुनी गईं, 2021 तक सेवा करेंगी। वह इस पद को संभालने वाली पहली महिला और पहली पूर्वी जर्मन थीं। एंजेला मर्केल का जन्म 17 जुलाई 1954 में हैम्बर्ग में हुआ था। उन्होंने लीपज़िग विश्वविद्यालय में भौतिकी का अध्ययन किया।

# हर बदलाव की शुरुआत मन से होती है



मैं झुक सकती हूं, लेकिन मैं कभी नहीं टूटूंगी, क्योंकि एक मजबूत महिला के रूप में यह मेरे स्वभाव में है। हमेशा आप जितना दिखाई देते हैं, उससे अधिक रहें और कभी भी आप से अधिक न दिखें। प्रश्न यह नहीं है कि क्या हम बदलने में सक्षम हैं, बल्कि यह है कि क्या हम पर्याप्त तेजी से बदल रहे हैं। जो कुछ भी पत्थर या अपरिवर्तनीय प्रतीत होता है, वह वास्तव में बदल सकता है। बड़े और छोटे दोनों मामलों में, यह सच है कि हर बदलाव की शुरुआत मन से होती है। एक लाल रेखा है, जिसे हमें पार नहीं करना चाहिए। यह मानव अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता है, मानव की गरिमा का सम्मान है। कोई समझौता नहीं होना चाहिए। हम अपने मूल्यों के लिए खड़े हुए हैं। प्रेस की आज़ादी, लोकतंत्र की आज़ादी, धर्म की आज़ादी और अभिव्यक्ति की आज़ादी। आज़ादी का मतलब किसी चीज़ से आज़ाद होना नहीं है, बल्कि कुछ करने के लिए आज़ाद होना है। मैंने खुद को कभी कम नहीं आंका और मैंने कभी भी महत्वाकांक्षा में कुछ भी गलत नहीं देखा। राज्य के रूप में हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हम बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के पक्ष में हैं। मेरे लिए यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि मैं किसी निर्णय के लिए सभी संभावित विकल्पों पर विचार करूं। पुराने को छोड़ना नई शुरुआत का हिस्सा है। यह मत भूलो कि स्वतंत्रता कभी भी कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसे हल्के में लिया जा सके। किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सब कुछ संभव है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# एक बार भगवान को सच्चे मन से पुकार के तो देखो



अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा महल में बैठी थी, तो द्रौपदी उसके समीप गई। उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोली, 'पुत्री भविष्य में कभी तुम पर दुख, पीड़ा या घोर से घोर विपत्ति भी आए तो कभी अपने किसी नाते-रिश्तेदार शरण में मत जाना। सीधे भगवान की शरण में जाना, उत्तरा हैरान होते हुए माता द्रौपदी को निहारते हुए बोली-आप ऐसा क्यों कह रही हैं माता? द्रौपदी बोली- क्योंकि यह बात मेरे ऊपर भी बीत चुकी है। जब मेरे पांचों पति कौरवों के साथ जुआ खेल रहे थे, तो अपना सर्वस्व हारने के बाद मुझे भी दांव पर लगाकर हार गए। फिर कौरव पुत्रों ने भरी सभा में मेरा बहुत अपमान किया।

मैंने सहायता के लिए अपने पतियों को पुकारा, मगर वो सभी अपना सिर नीचे झुकाए बैठे थे। पितामह भीष्म, द्रोण, धृतराष्ट्र सभी को मदद के लिए पुकारती रही मगर किसी ने भी मेरी तरफ नहीं देखा, वह सभी आंखे झुकाए आंसू बहाते रहे फिर मैंने भगवान श्री द्वारिकाधीश को पुकारा-हे प्रभु अब आपके सिवाय मेरा कोई भी नहीं है। भगवान तुरंत आए और मेरी रक्षा करी। इसलिए बेटी जीवन में जब भी संकट आए आप भी उन्हें ही पुकारना।

जब द्रौपदी पर ऐसी विपत्ति आ रही थी तो द्वारिका में श्रीकृष्ण बहुत विचलित हो रहे थे। क्योंकि उनकी सबसे प्रिय भक्त पर संकट आन पड़ा था। रुक्मिणी उनसे दुखी होने का कारण पूछती हैं तो वह बताते हैं मेरी सबसे बड़ी भक्त को भरी सभा में नग्न किया जा रहा है। रूकमणि बोलती हैं, 'आप जाएं और उसकी मदद करें। श्रीकृष्ण बोले, जब तक द्रोपदी मुझे पुकारेगी नहीं मैं कैसे जा सकता हूं। एक बार वो मुझे पुकार लें तो मैं तुरंत उसके पास जाकर उसकी रक्षा करूंगा।

तुम्हें याद होगा जब पाण्डवों ने राजसूर्य यज्ञ करवाया, तो शिशुपाल का वध करने के लिए' मैंने अपनी उंगली पर चक्र धारण किया तो उससे मेरी उंगली कट गई। उस समय ‘मेरी सभी 16 हजार 108 पत्नियां वहीं थी कोई वैद्य को बुलाने भागी तो कोई औषधि लेने चली गई, मगर उस समय, मेरी इस भक्त ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़ा और उसे मेरी उंगली पर बांध दिया। आज उसी का ऋण मुझे चुकाना है, लेकिन जब तक वो मुझे पुकारेगी नहीं मैं नहीं जाऊंगा।

अतः द्रौपदी ने जैसे ही भगवान कृष्ण को पुकारा प्रभु तुरंत ही दौड़े चले गये।

हमारे जीवन में भी जब कभी घोर संकट आए तब सच्चे हृदय से भगवान को पुकारना चाहिए। भगवान संकट में अवश्य रक्षा करते हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# उदारता

हजरत मुहम्मद के अनेक विरोधी थे। पर वे उन सबकी परवाह न कर निरन्तर अपना धर्मप्रचार का कार्य करते रहते थे। विरोधी उन्हें इससे विरत करने के लिये तरह-तरह के प्रयास करते थे। एक बार हजरत मुहम्मद अपने घर जा रहे थे तो उनके एक विरोधी ने ऊपर गन्दा कूड़ा-कचरा उनके सिर पर फेंक दिया। मुहम्मद साहब ने कोई विरोध नहीं किया और चुपचाप अपने रास्ते पर आगे बढ़ गये। अब उस व्यक्ति का यह नित्य का क्रम बन गया। जब भी हजरत मुहम्मद वहाँ से गुजरते, वह ऊपर से कूड़ा फेंक देता। अनेक दिनों तक ऐसा होता रहा। एक दिन सहसा इस क्रम का उल्लंघन हो गया। मुहम्मद साहब ने पड़ौसियों से पूछा 'भाई वह व्यक्ति जो मुझ पर कूड़ा डालता था आज दिखाई नहीं दे रहा।' पड़ौसियों ने बताया कि वह बहुत बीमार है। यह सुनते ही मुहम्मद साहब तुरन्त उसके घर गये, उसे दवा दिलवायी और कई दिनों तक उसकी सेवा सुश्रूषा करते रहे। मुहम्मद साहब की इस उदारता और विशाल हृदयता ने विरोधी का मन जीत लिया। उसने उनके पैरों पर गिर कर अपने दुष्कर्मों के लिये क्षमा माँगी और धर्म प्रचार में उनका सहायक बन गया।

## सुविचार



सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# सावन के पावन महीना के लिए हेल्दी फास्टिंग टिप्स

सावन का पवित्र महिना शुरू होने में बस कुछ ही दिन रह गए हैं। सावन के पवित्र महीने में उपवास करना कई लोगों के लिए एक प्रिय परंपरा है। यह आध्यात्मिक चिंतन, भक्ति और अनुशासन का समय है। हालांकि, उपवास करने से कई आध्यात्मिक लाभ मिल सकते हैं, लेकिन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी ज़रूरी है। सावन के उपवास के दौरान अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखना सुनिश्चित करता है कि आप ऊर्जावान और मजबूत रहें, जिससे आप अनुष्ठानों और प्रथाओं का पूरा आनंद ले सकें और उनमें भाग ले सकें।

यहां हम आपको स्वस्थ रहने और अपने उपवास के दौरान अच्छा महसूस करने में मदद करने के लिए कुछ सरल और प्रभावी सुझाव साझा करेंगे। आइए जानें कि आप आध्यात्मिक भक्ति को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ कैसे संतुलित कर सकते हैं।



### पोषक तत्वों से भरपूर फूड का करें सेवन

जब आप अपना उपवास तोड़ते हैं, तो ऐसे खाने चुनें जो पोषक तत्वों से भरपूर हों। ताजे फल, सब्जियां, मेवे और बीज बढ़िया विकल्प हैं। ये फूड आवश्यक विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं जो आपके शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

### हाइड्रेटेड रहें

हाइड्रेटेड रहने के लिए पूरे दिन खूब पानी पिएं। निर्जलीकरण से सिरदर्द और थकान हो सकती है। अगर सादा पानी उबाऊ लगता है, तो आप नारियल पानी, छाछ या हर्बल चाय भी पी सकते हैं।

### पर्याप्त आराम करें

सुनिश्चित करें कि आपको भरपूर आराम मिले। उपवास करने से कभी-कभी आपको थकान महसूस हो सकती है, इसलिए अपने शरीर की सुनें और ज़रूरत पड़ने पर झपकी लें। अच्छी नींद आपके शरीर को तरोताज़ा करने में मदद करती है।

### प्रोसेस्ड फ़ूड से बचें

चिप्स, तले हुए स्नैक्स और मिठाइयों जैसे प्रोसेस्ड या जंक फ़ूड खाने से बचें। ये आपको सुस्त महसूस करा सकते हैं। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से हार्मोन्स का संतुलन बिगड़ सकता है, जिसके कारण डिप्रेशन होता है।

प्रोटीन युक्त खाना लें

अपने आहार में पनीर, दही, दूध और नट्स जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। प्रोटीन आपको भरा हुआ रखने और मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने में मदद करते हैं।

# रिमझिम बरसात में भूने हुए भुट्टे से लें स्वाद और सेहत का मजा

बारिश का सीजन और गरमा गरम भूना हुए भूट्टे खाने का अपना एक अलग ही मजा है। भूना हुआ भुट्टा न केवल खाने में स्वादिष्ट बल्कि बेहद पौष्टिक होता है। यह कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। आवश्यक पोषक तत्वों वाला भुट्टा, फाइबर में उच्च और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। यह ह्रद्य को स्वास्थ रखता है। पाचन में मदद करता है और उर्जा प्रदान करता है। ग्लूटेन-मुक्त और कम वसा वाला भूना हुआ मक्का बहुत ही आसानी से बन जाने वाला नाश्ता है।



## आइए नीचे जानते हैं इससे होने वाले फायदे

### पोषक तत्वों से भरपूर

भुने हुए मकई में कई ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं। इसमें विटामिन बी (खास तौर पर बी6 और बी9), विटामिन सी और मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और पोटैशियम जैसे खनिज होते हैं। ये पोषक तत्व शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य और कामकाज के लिए ज़रूरी हैं।

### फाइबर से भरपूर

भुने हुए मकई के सबसे बड़े फ़ायदों में से एक है इसमें मौजूद फाइबर की मात्रा। फाइबर पाचन स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी है। यह पाचन तंत्र को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है, जिससे कब्ज़ जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। फाइबर से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करता है, जो भोजन के बीच स्नैक खाने की इच्छा को कम करके वज़न कंट्रोल में मदद कर सकता है।

### एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रेत

मकई में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए फ़ायदेमंद होते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट आपकी आंखों को हानिकारक नीली रोशनी से बचाने में मदद करते हैं और उम्र से जुड़ी आंखों की बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

### ह्रदय को स्वास्थ्य रखता है

भुने हुए मकई में मौजूद फाइबर दिल को हेल्दी रखता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे ह्रदय रोग का जोखिम कम होता है। इसके अलावा, मकई में मौजूद पोटैशियम रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे दिल के स्वास्थ्य को और बढ़ावा मिलता है।

### ऊर्जा प्रदान करता है

मकई कार्बोहाइड्रेट का एक अच्छा स्रोत है, जो शरीर का मुख्य ऊर्जा स्रोत है। भुने हुए मकई खाने से त्वरित और निरंतर ऊर्जा मिलती है। यही वजह है कि व्यस्त लाइफस्टाइल में यह एक बढ़िया नाश्ता है।

# नुस्खे बेमिसाल, बरसात में रखेंगे सेहत का ख्याल

बरसात के मौसम में, नमी बढ़ने और अचानक तापमान में बदलाव के कारण फ्लू होना आम बात है। फ्लू से प्राकृतिक रूप से लड़ने में आपकी मदद करने के लिए यहां कुछ सरल और प्रभावी घरेलू उपाय दिए गए हैं:



### अदरक की चाय

अदरक में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। अदरक की चाय पीने से गले की खराश को शांत करने, सूजन को कम करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। अदरक की चाय बनाने के लिए, ताजे अदरक के कुछ स्लाइस को पानी में 10-15 मिनट तक उबालें। अतिरिक्त लाभ के लिए छान लें और उसमें शहद या नींबू मिलाएं।

### शहद और नींबू

गर्म पानी में शहद और नींबू का मिश्रण गले की खराश को शांत कर सकता है और खांसी को कम कर सकता है। शहद में रोगाणुरोधी गुण होते हैं, जबकि नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। राहत के लिए इस मिश्रण को दिन में 2-3 बार पिएं।

### हल्दी वाला दूध

हल्दी अपने सूजनरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जानी जाती है। एक चम्मच हल्दी के साथ गर्म दूध पीने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और फ्लू के लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है। इस ₹गोल्डन मिल्क₹ का सेवन रोजाना सोने से पहले एक बार किया जा सकता है।

### भाप लेना

भाप लेने से सांस लेने के रास्ते में होने वाली जलन से राहत मिल सकती है। एक कटोरी गर्म पानी में यूकेलिप्टस या पेपरमिंट ऑयल की कुछ बूंदें डालें, अपने सिर को तौलिए से ढकें और 5-10 मिनट तक भाप लें। राहत के लिए इसे दिन में दो बार किया जा सकता है।

### लहसुन

लहसुन में प्राकृतिक एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। कच्चा लहसुन खाने या इसे अपने खाने में शामिल करने से फ्लू से लड़ने में मदद मिल सकती है। आप लहसुन की चाय भी बना सकते हैं, इसमें कुचले हुए लहसुन की कलियां पानी में उबालकर, छानकर और गर्म पीकर पी सकते हैं।

### गर्म नमक के पानी से गरारे

गर्म नमक के पानी से गरारे करने से गले की खराश दूर हो सकती है और सूजन कम हो सकती है। एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएं और दिन में कई बार गरारे करें। इससे बलगम साफ हो सकता है और गले में मौजूद बैक्टीरिया मर सकते हैं।

# मानसून में फंगल इंफेक्शन से रखें पैरों का ख्याल



नमी की वजह से मानसून के मौसम में फंगल इंफेक्शन होना आम बात है। आपके पैर विशेष रूप से कमज़ोर होते हैं क्योंकि इस सीजन में वे लंबे समय तक गीले रहते हैं। बारिश के मौसम में अपने पैरों की देखभाल करने और फंगल इंफेक्शन को रोकने के लिए यहां कुछ सरल उपाय दिए गए हैं।

### गीले मोज़े और जूते बदलें

अगर आपके मोज़े या जूते गीले हो जाते हैं, तो उन्हें जल्द से जल्द बदल दें। गीले मोज़े और जूते पहनने से नमी वाला वातावरण बन सकता है, जो फंगल के विकास में बढ़ावा दे सकता है। अगर आप बारिश में बाहर जा रहे हैं तो हमेशा एक अतिरिक्त जोड़ी मोज़े साथ रखें।

### अपने पैरों को साफ रखें

अपने पैरों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोएं, खासकर बारिश में बाहर जाने के बाद। इससे गंदगी और मौजूद किसी भी फंगस को हटाने में मदद मिलती है। सुनिश्चित करें कि पैरों को पूरी तरह से सुखा लें।

### अपने नाखूनों को नियमित रूप से ट्रिम करें

अपने नाखूनों को छोटा और साफ रखें। लंबे नाखून गंदगी और नमी को पनाह दे सकते हैं, जो फंगस को बढ़ने के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करते हैं। उन्हें नियमित रूप से ट्रिम करें और फंसी हुई गंदगी को हटाने के लिए नीचे की सफाई करें।

### अपने पैरों को सूखा रखें

नमी फंगस के पनपने का एक तरीका है। अपने पैरों के भीगने के बाद उन्हें अच्छी तरह से सुखाना सुनिश्चित करें। पैर की उंगलियों के बीच के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि ये स्थान नमी को रोक सकते हैं।

### वाटरप्रूफ फ़ुटवियर पहनें

बारिश के मौसम में वाटरप्रूफ़ जूते या सैंडल पहनें। ये आपके पैरों को सूखा रखने और उन्हें गंदे बारिश के पानी के संपर्क में आने से बचाने में मदद कर सकते हैं। पानी सोखने वाली सामग्री से बने बंद जूते पहनने से बचें।

### एंटीफंगल पाउडर का इस्तेमाल करें

अपने पैरों पर और जूतों के अंदर एंटीफंगल पाउडर छिड़कें। यह नमी को सोखने और फंगल संक्रमण को रोकने में मदद कर सकता है। माइकोनाज़ोल या क्लोट्रिमेज़ोल जैसे तत्वों वाले पाउडर प्रभावी होते हैं।

### एंटीफंगल क्रीम का उपयोग करें

यदि आपको फंगल संक्रमण के कोई लक्षण दिखाई देते हैं, जैसे खुजली, लालिमा या त्वचा का छिलना, तो तुरंत एंटीफंगल क्रीम लगाएं। ओवर-द-काउंटर क्रीम मामूली संक्रमण के इलाज में प्रभावी हो सकती हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**वृष** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कर्क** — उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** — उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या** — नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**तुला** — व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे।

**धनु** — योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

**मकर** — लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

**कुंभ** — हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है।

**मीन** — किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

# गृह कलह से मुक्ति के कुछ सरल एवं आसान उपाय

कहा जाता है कि जिस घर में क्लेश होता है, वहां लक्ष्मी का वास नहीं होता। हर किसी की अपने गृहस्थ जीवन में सुख और शांति की कामना होती है। घर और जीवन की खुशहाली ही व्यक्ति को जीवन में प्रगति के मार्ग पर ले जाती है। परिवार में व्याप्त कलह यानी की क्लेश से व्यक्ति का जीवन कठिनाइयों से भर जाता है। गृह क्लेश से बचने या उसे कम करने के लिए ज्योतिष एवं वास्तु के मिश्रित रुप का आधार लेकर कई प्रकार के उपाय बताए गए हैं। हम आगे आपको ऐसे ही कुछ उपाय बता रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपका जीवन सुखमय और खुशहाल बनाया जा सकता है।




**सोने की दिशा-**

आप किस दिशा में सिर और पैर करके सोते हैं यह गृह कलह में काफी अहम भूमिका निभाता है। गृह कलह से मुक्ति के लिए रात को सोते समय पूर्व की और सिर रखकर सोए। इससे आपको तनाव से राहत मिलेगी। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**हनुमान उपासना-**

हनुमान जी की नियमित रूप से की गई उपासना आपको सभी प्रकार के संकट और गृह कलह से दूर रखता है। यदि कोई महिला गृह कलह से परेशान हैं तो भोजपत्र पर लाल कलम से पति का नाम लिखकर तथा 'हं हनुमंते नमः' का 21 बार उच्चारण करते हुए उस पत्र को घर के किसी कोने में रख दें। इसके अलावा 11 मंगलवार नियमित रूप से हनुमान मंदिर में चोला चढाएं एवं सिंदूर चढाएं। ऐसा करने से परेशानियों से राहत प्राप्त होगी।



प्रियंका जैन
9769994439

**जलाभिषेक-**

प्रतिदिन सुबह में स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र पहनकर मंदिर या घर पर शिवलिंग के सामने बैठकर शिव उपासना करें। आप 'ॐ नमः सम्भवाय च मयो भवाय च नमः। शंकराय च नमः शिवाय च शिवतराय चः।।' मंत्र का 108 बार उच्चारण कर सकते हैं। इसके बाद आप शिवलिंग पर जलाभिषेक करें। ऐसा नियमित करने से प्पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में सुख शांति बनी रहती है।

**गणेश उपासना-**

यदि किसी घर में पति-पत्नी या बाप-बेटे के बीच कलह है या किसी भी बात पर विवाद चल रहा है तो इसमें गणेश उपासना फायदेमंद रहेगी। वैवाहिक जीवन को सुखी बनाने के लिए आप नुक्ति के लड्डू का भोग लगाकर प्रतिदिन श्री गणेश जी और शक्ति की उपासना करे।

**चीटियों को भोजन-**

चीटियों के बिल के पास शक्कर या आटा व चीनी मिलाकर डालने से गृहस्थ की समस्याओं का निवारण होता है। ऐसा नियमित 40 दिन तक करें। ध्यान रखें कि इस प्रक्रिया में कोई नागा न हो।

**कुमकुम लगाए-**

एक गेंदे के फूल पर कुमकुम लगाकर उसे किसी देव स्थान में मूर्ति के सामने रख दें। ऐसा करने से रिश्तों में आया तनाव और मतभेद दूर होते हैं। साथ ही छोटी कन्या को शुक्रवार को मीठी वस्तु खिलाने और भेंट करने से आपके संकटों का निवारण होता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत गांव कूम्हा के समीप मंगलवार ट्रेन की चपेट आने से एक महिला की मौत हो गई। राया थाना क्षेत्र के गांव कूम्हा के पास रेलवे ट्रैक पर मंगलवार सुबह करीब चार बजे एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी बिचपुरी विनय कुमार ने मौके पर पहुंचे। उन्होंने मुआयना कर मृतका की शिनाख्त करने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद में मृतका की शिनाख्त पूजा (33) निवासी हिरौली, बदनपुर, सुरीर के रूप में हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि मृतका अपने रिश्तेदारी हरियागढ़ी में रह रही थी। मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे एसबीआई मैनेजर

**गोरखपुर।** झंगहा थानाक्षेत्र के राजधानी स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर सोमवार की रात सड़क दुघर्टना में बाल-बाल बचे। मिली जानकारी अनुसार राजधानी स्टेट बैंक के मैनेजर राज किरण कन्नौजिया अपने फोर व्हीलर से तरकुलहा मंदिर से रात 11 बजे अपने आवास गोरखपुर जा रहे थे। खोराबार क्षेत्र के रामनगर करजहां के आहार रेस्टोरेंट के पास अचानक सामने से आवारा पशु आ जाने से उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर दूसरे लेन में चली गई। संयोग अच्छा था कि गोरखपुर से देवरिया वाले लेन में उस समय कोई गाड़ी नहीं आ रही थी। इस तरह बैंक मैनेजर बाल बाल बच गए। हल्की चोट आई है। उनका इलाज गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### लापरवाही की भेंट चढ़ गई कुशीनगर की एफडीआर तकनीक की सड़क

**कुशीनगर।** जनपद में 10.15 करोड़ की लागत से बनने वाली एफडीआर (फूल डेफ्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से बन रही 11 किमी लंबी गोबरहीं-हेतिमपुर सड़क विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। स्थिति यह है मार्च माह से शुरू सड़क का कार्य जून तक पूरा हो जाना था, किंतु 50 मीटर ही कार्य हो पाया। जिससे इस महत्वपूर्ण सड़क पर आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग अब बरसात बाद कार्य पूर्ण कराने की बात कर रहा है। 10.37 किमी. लंबे व 5.50 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण हेतु शासन से 10 करोड़ 15 लाख रुपया अवमुक्त हुआ है। बीते पांच वर्ष से यह मार्ग क्षतिग्रस्त था। बड़े-बड़े गड्ढे थे। 10 किमी. की दूरी वाहन चालकों को तय करने में काफी समय लगता था। वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में 100 मीटर सड़क का निर्माण कराकर जाब फार्मूला टेस्टिंग के लिए मटेरियल कानपुर आइआइटी रूड़की को भेजा गया था। वहां से स्वीकृत मिलने के बाद बीते अप्रैल माह में स्टेट क्वालिटी मानिटर विमल कुमार ने विभागीय अभियंताओं को साथ लेकर मार्ग के प्रथम लेयर का कार्य कराया।

# यूपी में शिक्षकों को बड़ी राहत

- डिजिटल अटेंडेस का आदेश स्थगित
- योगी ने बनाई कमेटी

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी में शिक्षकों को बड़ी राहत मिल गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिजिटल अटेंडेंस पर फिलहाल रोक लगा दी है। डिजिटल अटेंडेंस का आदेश दो महीने के लिए टाल दिया गया है। अब एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई जाएगी, जो इन दो महीनों में शिक्षकों के मुद्दों पर विचार करेगी। मंगलवार को यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से मुलाकात के बाद शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर आई है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से डिजिटल हाजिरी के आदेश जारी किया गया था। शिक्षक संगठन की ओर से लगातार इस आदेश का विरोध किया जा रहा था। वहीं, सरकार की ओर से डिजिटल हाजिरी को शैक्षणिक गुणवत्ता से जोड़कर पेश किया जा रहा है। हालांकि, अब सरकार ने अपने फैसले पर तत्काल रोक लगाने का निर्णय लिया है। यूपी शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी पर दो महीना के लिए रोक लगाई गई है। विवाद का हल निकलने तक यह रोक जारी रहेगी। यूपी सरकार के डिजिटल अटेंडेंस के फैसले पर लगातार प्रदेश के तमाम जिलों में विरोध चल रहा था। इस मामले में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। इसके बाद इस पर रोक निर्णय लिया गया।मुख्य सचिव की ओर से डिजिटल अटेंडेंस पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है। विवाद का हल निकालने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। प्रदेश के बेसकि शिक्षकों के डिजिटल हाजिरी के मामले में यह कमेटी सभी पक्षों के साथ बैठक करेगी। इसमें विवाद का हल निकाला जाएगा। माना जा रहा है कि शिक्षकों की सहमति लेने और सभी पहलुओं पर विचार के बाद अब सरकार के स्तर पर इस दिशा में आगे कदम बढ़ाया जाएगा। योगी सरकार इस प्रकार से शिक्षकों के आंदोलन के बाद बैकफुट पर आती दिख रही है।



### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संभाली कमान

यूपी में शिक्षकों के लगातार प्रदर्शन के बाद माहौल को शांत करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से पहल तेज हुई। पूरे मामले को सुलझाने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने खुद संभाली। उन्होंने शिक्षक संगठनों के नेताओं के साथ मुलाकात की। इसमें सरकार की ओर से कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

मुख्य सचिव ने शिक्षक संघ को आश्वासन दिया कि उनकी स्थिति को जानने के बाद ही डिजिटल अटेंडेंस के आदेश को प्रभावी बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने शिक्षक संघ को साफ किया कि एक कमेटी बनाकर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। कमिटी को दो माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी होगी।

### योगी सरकार के मंत्री का आया बयान

शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी मामले में योगी सरकार के मंत्री राकेश सचान का बड़ा बयान सामने आया। दरअसल, योगी सरकार के डिजिटल अटेंडेंस के फैसले के कारण विवाद गहरा गया था। राजनीतिक दलों की ओर से इस मामले में लगातार सरकार को घेरा जा रहा था। इस मामले में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि टीचर स्कूलों में पढ़ाते नहीं हैं। वे स्कूल से गायब रहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि इस प्रकार के विरोध की क्या वजह हो सकती है? उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता को इस संबंध में बयान नहीं देना चाहिए। उनका समर्थन नहीं करना चाहिए। लगातार इस मामले में शिक्षक और सरकार आमने-सामने आ गए थे। हालांकि, अब मुख्य सचिव के निर्देश के बाद शिक्षकों के चेहरों पर खुशी लौट आई है।

# खैर थाने में महिला ने खुद को लगाई आग

**एजेंसी । अलीगढ़**



जनपद के खैर थाना परिसर में मंगलवार की दोपहर के वक्त एक महिला ने पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर लिया है। मां को बचाने के बजाए बेटा वीडियो बनाने में जुट गया। इस बीच पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आग बुझाकर झुलसी महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने महिला के बेटे को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने यह दावा किया है कि ससुराल की सम्पत्ति पाने के लिए महिला ने यह कदम उठाया है।

### महिला की हालत गंभीर

प्रारंभिक जानकारी यह सामने आई है कि आग लगाने वाली महिला हेमलता अपने बेटे के साथ दरकन नगरिया गांव में पुश्तैनी मकान में रहती है। उसके पति राजबहादूर की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। जिस मकान में वह रहती है, वह राज बहादुर के मामा चन्द्रभान का है। अब वह मकान जब उनसे खाली करवा रहा है तो उसके एवज में महिला ने दस लाख रुपये मांगे हैं। पांच लाख देने को तैयार है, लेकिन वह राजी नहीं है। इसी मामले में महिला ने थाना में मामा ससुर और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच की तो यह पूरा मामला खुलकर सामने आया। मंगलवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया था। बेटे संग महिला थाने पहुंची। पुलिस पर दबाव बनाने के लिए महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर लाइटर से आग जलाने का प्रयास किया, लेकिन उसमें वह असफल रही। इस बीच बेटे ने लाइटर लेकर मां को आग के हवाले कर दिया। बचाने की बजाए वह वीडियो बनाने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने किसी तरह आग से लिपटी महिला को बचाते हुए अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# पेयजल व पलायन की समस्या से उबर नहीं सका डालटेनगंज

- रिकॉर्ड 6 बार जीते नामधारी

**एजेंसी । मेदिनीनगर**




डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक छह बाद इंदर सिंह नामधारी विधायक चुने गये हैं। वर्तमान में इस सीट से भाजपा के आलोक चौरसिया विधायक हैं। श्री चौरसिया वर्ष 2014 में झाविमो के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनाव जीतने के बाद वे भाजपा शामिल हो गये।

### संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू डालटेनगंज के पहले विधायक बने

पिछले चुनाव में उन्हें भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया। वे फिर विधायक चुने गये। डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई, जल संकट व पलायन प्रमुख समस्या रही है। वर्ष 1952 में पहले विधायक संविधान सभा के सदस्य अमिये कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू बने। दूसरी बार स्वतंत्रता सेनानी उमेश्वरी चरण उर्फ लल्लू बाबू विधायक चुने गये। वरिष्ठ अधिवक्ता सच्चिदानंद त्रिपाठी भी क्षेत्र से विधायक रहे हैं।

### स्वतंत्रता सेनानी पूरनचंद 4 बार रहे डालटेनगंज के विधायक

स्वतंत्रता सेनानी पूरनचंद 4 बार इस क्षेत्र का विधायक रहे हैं। इंदर सिंह नामधारी इस विधानसभा क्षेत्र का रिकॉर्ड 6 बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 1985 में ईश्वर चंद्र पांडेय को इस विधानसभा क्षेत्र की जनता ने एक बार सेवा करने का मौका दिया था। इसके बाद लगातार इंदर सिंह नामधारी प्रतिनिधित्व करते रहे। वर्ष 2009 में इंदर सिंह नामधारी ने अपने पुत्र दिलीप सिंह नामधारी को भाजपा के टिकट पर मैदान में उतारा, पर वह चुनाव जीत नहीं सके।

# जीतन सहनी की हत्या पर तेजस्वी यादव ने सरकार को घेरा

**एजेंसी । पटना**

विकासशील इंसान पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी की पिता के हत्या के बाद बिहार का सियासी पारा हाई है। विपक्षी दलों के नेता लगातार सरकार पर हमलावर हैं। इसी कड़ी में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाक्रमों का हवाला देते हुए राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आतंक राज स्थापित हो गया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि टायर्ड नेता और रिटायर्ड अधिकारी प्रदेश की विधि व्यवस्था संभालेंगे तो यही हश्र होगा।

### अपराधी कभी भी किसी की भी हत्या कर रहे हैं: तेजस्वी यादव



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मैं निरंतर कह रहा हूं कि बिहार की डबल इंजन पावर्ड सरकार में सत्ता संपोषित, सत्ता संरक्षित और सत्ता प्रायोजित सरकारी अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि वो जब चाहे, जहां चाहे, जैसे चाहे, कैसे भी, किसी की भी हत्या कर सकते है। तेजस्वी ने कहा कि राज्य की एनडीए सरकार सच्चाई स्वीकारने की बजाय वही घिसा-पिटा डायलॉग दोहरती रहती है कि सुशासन का राज है, जबकि प्रतिदिन सैकड़ों लोग आपराधिक घटनाओं में अकाल मौत मारे जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम तो क्राइम बुलेटिन भी जारी करते है लेकिन अहंकारी सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता।

# गढ़वा सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चों की मौत, छह बच्चे घायल

### नाराज ग्रामीणों ने फूंक दी पिकअप वैन

**एजेंसी । गढ़वा**

गढ़वा के सदर थाना क्षेत्र के जाटा गांव में सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चों की मौत हो गयी, जबकि छह बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल बच्चों को इलाज के लिए गढ़वा के सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वैन को आग के हवाले कर रोड जाम कर दिया। नाराज ग्रामीणों की पुलिस के साथ नोकझोंक हुई। सड़क हादसे में मौत के बाद भीड़ आक्रोशित हो गयी। आग बुझाने की कोशिश कर रहे अग्निशमनकर्मियों को ग्रामीणों ने रोक दिया। इससे पुलिस के साथ उनकी नोंकझोंक हुई।

# शराबी पति ने आपसी विवाद में पत्नी को मार डाला

**एजेंसी । लोहरदगा**

लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो ग्राम में आपसी विवाद में पति ने पत्नी के साथ मारपीट की और उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पति घर से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई में जुट गयी है। स्वर्गीय चतुर चिक बड़ाइक के 55 वर्षीय पुत्र नरेश चिक बड़ाइक ने सोमवार की रात में मामूली विवाद में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वह अक्सर शराब का सेवन करने के बाद लड़ाई-झगड़ा करता था। इसके कारण अक्सर पत्नी लाली देवी ईंट-भट्ठा कमाने चली जाती थी। इस बार भी ऐसा ही हुआ था।




# 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन' के तहत प्राप्त करीब 51 प्रतिशत आवेदन खारिज

- 9331 आवेदन प्राप्त हुए थे 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के
- 4532 आवेदनों को मंजूरी दी गई 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों के लिए शुरू की गई 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत प्राप्त लगभग 51 प्रतिशत आवेदनों को खारिज कर दिया गया है। यह योजना 29 मई, 2021 को उन बच्चों की सहायता करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, जिन्होंने 11 मार्च, 2020 से 5 मई, 2023 के बीच कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता को खो दिया था।

### क्या कहते हैं आंकड़े ?



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 613 जिलों से कुल 9,331 आवेदन प्राप्त हुए थे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक अधिकारी की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 558 जिलों से केवल 4,532 आवेदनों को मंजूरी दी गई जबकि 4,781 आवेदनों को खारिज कर दिया गया। कुल 18 आवेदनों की मंजूरी लंबित है। मंत्रालय की ओर से इसे खारिज करने का कोई खास कारण नहीं बताया गया है। सबसे अधिक 1,553 आवेदन राजस्थान से आए। इसके बाद 1511 आवेदन महाराष्ट्र से जबकि 1,007 आवेदन यूपी से आए। इनमें से महाराष्ट्र के 855, राजस्थान के 210 और उत्तर प्रदेश के 467 आवेदनों को मंजूरी दी गई। इस योजना का उद्देश्य बच्चों की निरंतर व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना, स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना, शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना और 23 वर्ष की आयु तक वित्तीय सहायता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नए शिखर 24,600 के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

### सेंसेक्स 80,716.55 अंक पर बंद




सेंसेक्स 51.69 अंक चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 233.44 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,898.30 अंक तक गया था। निफ्टी भी 26.30 अंक की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 74.55 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक चला गया था। विश्लेषकों के अनुसार, सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार से रिकॉर्ड तेजी पर हैं। इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली है। एफआईआई केंद्रीय बजट पेश होने से पहले भारतीय शेयरों में लिवाल बने हुए हैं। शेयरों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम उत्साहजनक रहने से भी बाजार को समर्थन मिला है।

# स्वयं समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा : जिंदल

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पहुंच और समावेश को बढ़ावा दे रहे गैर लाभकारी संगठन स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनू जिंदल ने कहा, हम कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों के लिए दरवाजे खोल रहे हैं और उनके लिए समावेशी भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। स्वयं ऑडियो, विजुअल और सिमुलेशन टूल का उपयोग करके संवेदीकरण सत्रों के माध्यम से पहुंच की तत्काल आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैला रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार, भारत में बुजुर्गों की आबादी 2030 तक दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग होने की उम्मीद है।

# एसबीआई की अमृत वृष्टि सावधि जमा योजना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक ने 'अमृत वृष्टि' नाम से एक नई सावधि जमा योजना शुरू की है जिसमें 444 दिनों की जमा पर 7.25 प्रतिशत वार्षिक ब्याज मिलेगा।

बैंक ने कहा कि यह घरेलू और प्रवासी भारतीय दोनों ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। यह योजना 15 जुलाई से शुरू हुई है और एसबीआई वरिष्ठ नागरिकों को इसके अलावा 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त प्रदान करेगा, जिससे ग्राहकों के इस वर्ग के लिए रिटर्न अधिकतम हो जाएगा। यह योजना ग्राहकों को रिटर्न को अधिकतम करने के लिए एक विशिष्ट अवधि के लिए अपने निवेश को लॉक करने में सक्षम बनाती है। जमाकर्ता विभिन्न सुविधाजनक चैनलों -एसबीआई शाखाओं, योनो एसबीआई और योनो लाइट (मोबाइल ऐप) और एसबीआई इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से इसमें निवेश कर सकते हैं। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक निवेश के लिए उपलब्ध है।

# सेबी का पेटीएम को प्रशासनिक चेतावनी पत्र

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है। मामला वित्त वर्ष 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने लगातार सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है। फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को अपना जवाब भी देगी। सेबी ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है। सेबी के पत्र के अनुसार, इस संदर्भ में जांच के दौरान गैर-अनुपालन देखे गए। सेबी ने कहा कि उल्लंघन बेहद गंभीर हैं।

# सिप्ला को 773 करोड़ रुपए का कर नोटिस

**एजेंसी । नई दिल्ली**




दवा कंपनी सिप्ला ने मंगलवार को कहा कि उसे आयकर विभाग से 773.44 करोड़ रुपए का कर नोटिस मिला है। यह कर मांग आकलन वर्ष 2015-16 से 2022-23 के लिए है। आयकर प्राधिकरण ने 12 जुलाई, 2024 के आदेश में कर निर्धारण और पुनर्मूल्यांकन के तहत विभिन्न खर्चों की अस्वीकृतियों के कारण कर की अतिरिक्त मांग की है। कंपनी ने बताया कि 773.44 करोड़ रुपए की मांग में उक्त किसी भी कर आकलन वर्ष का कोई रिफंड शामिल नहीं है। सिप्ला ने यह भी कहा कि कंपनी संबंधित कानूनों के तहत इन आदेशों के खिलाफ अपील करेगी।

## पेरिस ओलंपिकः रोलां गैरां पर होंगे टेनिस मुकाबले जिस पर जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम के मैच खेले गए थे

# टेनिस के दिग्गज तीन दशक बाद फिर लाल बजरी पर भिड़ने को तैयार

- 1992 में बार्सिलोना ओलंपिक में टेनिस मुकाबले क्ले कोर्ट पर खेले गए थे
- 27 जुलाई से रोलां गैरां में खेले जाएंगे पेरिस ओलंपिक के टेनिस मुकाबले

एजेंसी | पेरिस

खेलों के महाकुंभ ओलंपिक के दौरान अधिकांश खेलों में प्रतिस्पर्धा की सतह नहीं बदलती लेकिन टेनिस ऐसा खेल है जिसकी सतह टूर्नामेंट के साथ बदल सकती है। पेरिस खेलों के दौरान 30 से भी अधिक वर्षों के बाद ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा लाल बजरी (क्ले कोर्ट) पर होगी। टेनिस मुकाबले उसी रोलां गैरां पर होंगे जिसने जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन की मेजबानी की थी।

### तालमेल बैठाने की परेशानी

हालांकि इसके लिए खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने फ्रेंच ओपन के बाद जुलाई की शुरुआत में होने वाले विम्बलडन के लिए खुद को घास के कोर्ट के अनुकूल ढाला और अब एक बार फिर उन्हें बेहद कम समय में क्ले कोर्ट से सामंजस्य बैठाना होगा।



### पेगुला रोमांचित

शीर्ष 10 में शामिल अमेरिका की जेसिका पेगुला को महिला एकल के अलावा यूएस ओपन चैंपियन कोको गफ के साथ महिला युगल में भी हिस्सा लेना है। इसके अलावा वह मिश्रित युगल में भी उतर सकती हैं। पेगुला ने कहा, यह निश्चित तौर पर रोमांचक होगा लेकिन सभी को ऐसा करना पड़ेगा। हम सभी एक ही नाव में सवार हैं। मुझे आमतौर पर कोर्ट बदलने के साथ खेल बदलने में परेशानी नहीं होती। मुझे यहां के कोर्ट पसंद हैं। पेरिस में जब मौसम गर्म होता है तो कोर्ट से गेंद काफी अच्छी तरह आती है।


### पूर्व चैंपियन रायबाकिना चिंतित

कुछ खिलाड़ियों के लिए हालांकि यह अधिक चिंता की बात है। जैसे विम्बलडन 2022 की चैंपियन और इस साल सेमीफाइनल में पहुंचने वालीं कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना ने कहा, मैं पहली बार घास के कोर्ट पर खेलने के बाद क्ले कोर्ट पर खेलूंगी। यह शारीरिक



और मानसिक तौर पर बिल्कुल आसान नहीं होता। अमेरिका की टीम में शामिल पेगुला के साथी टेलर फ्रिट्ज ने कहा, यह कार्यक्रम के लिहाज से बहुत ही खराब है। इसका कोई मतलब नहीं बनता। यह निश्चित रूप से सब कुछ खराब कर देगा।

## नागल करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग पर



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस सुमित नागल करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। लगातार दूसरी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करने जा रहे नागल ने पांच स्थान की छलांग लगाई है। वह 1973 के बाद चौथे सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे पहले उनकी सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग 71 थी जो उन्होंने एक महीने पहले हासिल की थी। हरियाणा के 26 वर्षीय नागल ने शशि मेनन (71वां स्थान) का 51 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वह सर्वश्रेष्ठ रैंक पाने वाले चौथे भारतीय थे। सुमित नागल से सर्वोच्च रैंकिंग विजय अमृतराज (18, 1980), रमेश कृष्णन (23, 1985) और सोमदेव देवबर्मन (62, 2011) ने ही हासिल की है। जनवरी में नागल की रैंकिंग 138 थी। फरवरी में चेन्नई ओपन जीतकर वह पहली बार करियर में शीर्ष सौ में शामिल हुए थे।

बैडमिंटन

# लक्ष्य 'अंडरडॉग', खुलकर खेल सकेगाः विमल कुमार

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि अपने पहले ओलंपिक में वह 'अंडरडॉग' होने के कारण वह खुलकर खेल सकेगा। दुनिया के 19वें नंबर के लक्ष्य को ग्रुप एल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन कारागी जैसे दिग्गजों से पार पाना होगा।

### कड़ा अभ्यास किया


अल्मोड़ा के लक्ष्य की तैयारी के लिए दक्षिण कोरिया के दो बार के ओलंपिक पुरुष युगल रजत विजेता यू योंग सुंग को वापस बुलाया गया जिन्होंने उसके नेट गेम, कोर्ट पर रफ्तार और दबाव के हालात में फोकस पर काम किया। विमल ने कहा, तीन सप्ताह से यू योंग सुंग इन चीजों पर उसके साथ काम कर रहे हैं। लक्ष्य ओलंपिक खेलने जा रहे पोपोव बंधुओं क्रिस्टो और टोमा जूनियर के साथ भी अभ्यास कर रहे हैं।



### बराबरी का मामला

लक्ष्य को बड़े मैचों का खिलाड़ी बताते हुए विमल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन क्रिस्टी को हरा सकेगा। भारत के पूर्व कोच विमल ने कहा, वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है। यह बराबरी का मामला है। मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। वह अंडरडॉग रहेगा जिससे खुलकर खेल सकेगा।

## इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट



एजेंसी | लंदन

यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद गेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं। उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड टीम के लिए खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिए गर्व की बात रही। यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया। लेकिन अब बदलाव का समय है, एक नए अध्याय का समय है।

## बालाजी बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम : बोपन्ना

एजेंसी | नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी हैं। 44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था। उन्होंने अपने कोच



स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद बालाजी को चुना। बोपन्ना ने खास बातचीत में कहा, हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है। हम सिर्फ भागीदारी के लिए नहीं जा रहे। हम पूरी तैयारी के साथ जाएंगे।

## श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में हार्दिक होंगे कप्तान

- 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी तीन मैचों की सीरीज
- 2 से सात अगस्त तक होने वाली वनडे सीरीज में निजी कारणों से नहीं खेलेंगे पांड्या



एजेंसी | नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पांड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज में टीम इंडिया के कप्तान होंगे। वह निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने कहा, हार्दिक भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की सीरीज के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे। रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। टी-20 सीरीज 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी। वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमान गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफतौर पर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

## महिला एशिया कप में क्रिकेटप्रेमियों को मुफ्त प्रवेश




एजेंसी | नई दिल्ली

दाम्बुला में शुक्रवार से शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान क्रिकेटप्रेमियों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं।



## शौर्य ने सेमीफाइनल में पहुंच पक्का किया पदक, अनाहत बाहर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वॉश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गईं। शौर्य ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से पराजित किया। दिल्ली के 18 वर्ष के शौर्य 2014 में कुश कुमार के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। शौर्य का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा।

# काकुड़ा फिल्म के पीछे की सच्ची कहानी

## निर्देशक ने बताया सचमुच है ऐसा गांव

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई फिल्म 'काकुड़ा' को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म की कहानी 'काकुड़ा' नाम के एक ऐसे पिशाच के बारे में है जिसका श्राप इंसान को कुबड़ा बना देता है और फिर ठीक 13 दिनों तक दर्द से तड़पने के बाद उसकी मौत हो जाती है। फिल्म में दिखाया गया है 'काकुड़ा' के डर से हर घर के 2 दरवाजे बनाए गए हैं। पहला जिसे आम लौग इस्तेमाल करते हैं और दूसरा छोटा दरवाजा है जिसे हर इंसान को शाम के सवा सात बजे खोलकर बैठना होता है, वरना उस घर के मर्द पर 'काकुड़ा' का कहर टूटता है।



### लोककथा का अपना खुद का एक वर्जन

क्या आप जानते हैं कि फिल्म की कहानी के पीछे जो इंस्पिरेशन है वो काफी हद तक रीयल है। फिल्म के निर्देशक आदित्य सरपोत्दार इससे पहले 'मुंज्या' और 'जॉम्बीवली' जैसी फिल्में बना चुके हैं। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख स्टारर फिल्म 'काकुड़ा' के बारे में आदित्य ने बताया कि जब भी कोई फिल्ममेकर अपना नया प्रोजेक्ट प्लान करता है तो उसके पीछे विजन हमेशा एक नई दुनिया रचने का होता है। जॉम्बीवली में हम जॉम्बीज़ को जिंदा कर रहे थे और मुंज्या में हमने कोंकड़ की एक लोककथा के मॉन्सटर को दिखाया। इसी तरह हमने 'काकुड़ा' में अपनी लोककथा का अपना खुद का ही एक वर्जन तैयार कर लिया।

### फिल्म के पीछे की सच्ची कहानी

डायरेक्टर आदित्य ने बताया कि फिल्म का आइडिया हमारे राइटर अविनाश द्विवेदी की तरफ से आया था जिन्होंने सचमुच एक ऐसा गांव देखा जिसमें हर घर के दो दरवाजे थे। इस लोककथा के पीछे का उनका रेफरेंस इतना दिलचस्प था कि हमें फौरन इस गांव और कहानी पर एक फिल्म बनाने की संभावना नजर आई। तो काकुडा का आइडिया यहां से आया था। जाहिर है कि गांव के नाम (रतौड़ी) से लेकर फिल्म के किरदार और भी ढेरों चीजें काल्पनिक हैं लेकिन फिल्म की कहानी का आइडिया काफी हद तक रीयल चीजों से लिया गया है।



# नेटफ्लिक्स ने जारी किया स्ट्रेंजर थिंग्स का BTS वीडियो

नेटफ्लिक्स ने सोमवार को पॉपुलर साइंस फिक्शन स्ट्रेंजर थिंग्स का BTS वीडियो पोस्ट किया। इस दौरान फैंस को अपने पॉपुलर कैरेक्टर्स और आइकॉनिक सेट्स की झलक दिखाई गई। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का शूट इस समय मिड वे में पहुंच चुका है। ये इस सीरीज का आखिरी सीजन होगा। वीडियो में हॉकिन्स किड्स को दिखाया गया है जो पुराने समय को याद करते हुए इमोशनल हो जाते हैं।

## इन नए कलाकारों की होगी एंट्री

### होगी नए कलाकारों की एंट्री

अपनी ग्रोथ पर बात करते हुए मिली बॉबी ब्राउन कहती हैं, 'जब मैं 10 साल की थी तब मैंने शुरुआत की थी, अब मैं 20 साल की हो रही हूं। बहुत अजीब लगता है।₹ हॉलीवुड रिपोर्टर की खबर के अनुसार इस बार सीजन में तीन नए कलाकारों की एंट्री हुई है। शो में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स नजर आएंगे। स्ट्रेंजर थिंग्स एक अमेरिकी साइंस फिक्शन हॉरर ड्रामा सीरीज है। इस सीरीज का पहला सीजन 15 जुलाई 2016 को रिलीज हुआ था। दूसरा सीजन 2017 में आया था। तीसरा 2019 में और चौथा साल 2022 में आया था। अब इसका आखिरी सीजन अगले साल आने की उम्मीद है। बता दें कि स्ट्रेंजर थिंग्स का ये आखिरी सीजन जरूर है लेकिन इसकी फ्रेंचाइजी जारी रहेगी।

# सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का आया ट्रेलर

**जान्हवी कपूर की सस्पेंस थिलर फिल्म 'उलझ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में जान्हवी ने देश की सबसे युवा डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभाया है।**



सुहाना को इतनी छोटी-सी उम्र में इतना बड़ा पद मिल जाता है इसलिए उस पर नेपोटिजम का इल्जाम लगता है। ऐसे में सुहाना अपनी काबिलियत को साबित करने के लिए जोखिम भरे काम करती है, लेकिन अंत में दुश्मन के खेल फंस जाती है। एक तरफ, सुहाना दुश्मनों से लड़ रही होती हैं और दूसरी तरफ उन्हीं के लोग उन्हें देशद्रोही कहने लगते हैं।

### क्या बोल रही है पब्लिक?

लोगों को जान्हवी कपूर की फिल्म का ट्रेलर पसंद आ रहा है। वे जान्हवी कपूर की एक्टिंग की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ये जान्हवी का अब तक का बेस्ट परफॉर्मेंस है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'जान्हवी ने इस फिल्म में अच्छी एक्टिंग की है।' तीसरे यूजर ने लिखा, 'ट्रेलर तो काफी अच्छा लग रहा है। अब फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है।'

### कब रिलीज हो रही है फिल्म?

जान्हवी कपूर के इर्द-गिर्द घूमने वाली इस फिल्म में जान्हवी के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे मंझे हुए कलाकार हैं। इसका निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है और ये फिल्म 2 अगस्त के दिन रिलीज होने वाली है।



# 'बैड न्यूज' में किए गए 3 बड़े बदलाव

**विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'बैड न्यूज' की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। ये पहली बार होगा, जब विक्की और तृप्ति स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। दोनों के बीच फिल्म में कुछ इंटेंस सीन भी होंगे, जिसकी झलक गानों और ट्रेलर में देखने को मिली है। विक्की और तृप्ति के सेंशुअस मूव्स से भरी ये फिल्म कुछ ही दिनों में रिलीज हो रही है, लेकिन इससे पहले फैंस के लिए एक 'बैड न्यूज' आई है।**



### 'बैड न्यूज' में तृप्ति-विक्की के इंटीमेट सीन

विक्की और तृप्ति के बीच 'जानम' सॉन्ग में कई इंटीमेट सीन्स दिखाए गए हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों के बीच फिल्म में सिजलिंग रोमांस होते देखने को मिलने वाला है। हालांकि, इंटीमेट सीन्स पर सीबीएफसी की नजर न पड़े, ये नहीं हो सकता। लिहाजा 'बैड न्यूज' में कुछ बदलाव किए गए हैं, जिससे फैंस को मायूसी हाथ लग सकती है।

### फिल्म में किए गए ये बदलाव

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म में किसी भी तरह का ऑडियो कट नहीं किया गया है। यानी गानों में या किसी भी ऑडियो में बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, सीबीएफसी ने तीन सीन्स पर कैंची चलाई है, जिसमें से दो किसिंग सीन ही हैं। तो चलिये आपको बताते हैं कि 'बैड न्यूज' फिल्म में क्या बदलाव किए गए हैं। फिल्म में 8, 9 और 10 सेकंड के तीन सीन में बदलाव किए गए हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### जम्मू से 4,100 से अधिक तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**जम्मू।** भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच 4,100 से अधिक तीर्थयात्रियों का 19वां जत्था मंगलवार को तड़के अमरनाथ यात्रा में शामिल होने के लिए जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले के वन क्षेत्र में घात लगाकर की गई गोलीबारी में एक अधिकारी सहित



सेना के चार जवानों के शहीद होने के बाद आधार शिविरों और यात्रा मार्ग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच 4,132 तीर्थयात्रियों का जत्था 151 वाहनों में सवार होकर बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए सुबह तीन बजकर चार मिनट पर रवाना हुआ। 2,324 तीर्थयात्रियों ने 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से यात्रा की, जबकि 1,808 तीर्थयात्रियों ने बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा 28 जून को पहले जत्थे को झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के बाद से जम्मू से अब तक 1,00,204 श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं।

### शराब घोटाला : तिहाड़ में बंद के कविता की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली।** बीआरस नेता और दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में आरोपी के कविता की तबीयत खराब हो गई है। दिल्ली के तिहाड़ जेल में के कविता की तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद के कविता को दीन दयाल उपाध्याय (DDU) अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, के कविता के स्वास्थ्य में क्या समस्या आई है? अभी इसकी पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। एक अधिकारी ने बताया, 'कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वजह से उन्हें डीडीयू अस्पताल ले जाया गया है।'

### जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में खाई में गिरी कार, 2 महिलाओं समेत 3 की मौत

**सोनमर्ग।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में सड़क एक्सीडेंट में दो महिलाओं समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के वक्त कार सवार यात्री सोनमर्ग से जीरो-पॉइंट की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पानी माथा स्पॉट के पास कार स्लिप होकर खाई में गिर गई। हादसे में ड्राइवर सुरक्षित है।

### जस्टिस एचएन कोटिश्वर सिंह और जस्टिस आर महादेवन होंगे सुप्रीम कोर्ट के नए जज





**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति कर दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के मुताबिक राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एचएन कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया है। दो जजों के रिटायरमेंट के चलते सुप्रीम कोर्ट में 32 जज बचे थे।


# डोडा में मुठभेड़, कैप्टन समेत चार जवान शहीद

## घने जंगलों में आतंकियों की तलाश में जुटी सेना ● सोमवार रात नौ बजे शुरू हुई थी मुठभेड़

**एजेंसी । जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए। आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए सेना तलाशी अभियान में जुटी है। बीते तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। शहीद जवानों की पहचान दार्जिलिंग के कैप्टन बृजेश थापा के अलावा नायक डी. राजेश, राजस्थान के झुंझुनू के सिपाही बिजेन्द्र और अजय के रूप में हुई है। ताजा घटना कठुआ जिले में सेना पर किए गए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया। इसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हुए। इलाज के दौरान कैप्टन समेत चार जवानों ने दम तोड़ दिया।





**सेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को जानकारी दी :** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने डोडा जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मंगलवार सुबह बात की। उन्होंने रक्षा मंत्री को डोडा में जमीनी स्थिति और आतंकवाद विरोधी अभियान की जानकारी दी।

**ड्रोन, हेलीकॉप्टर से निगरानी :** व्हाइट कोर के नाम से पहचानी जाने वाली सेना की 16वीं कोर ने 'एक्स' पर कहा, सेना और पुलिस ने मुठभेड़ शुरू होने के बाद सोमवार रात ही अतिरिक्त बल रवाना कर दिया था। मंगलवार सुबह अधिक संख्या में जवानों के साथ क्षेत्र में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो इलाके में तैनात हैं जबकि ड्रोन और हेलीकॉप्टर से भी निगरानी की जा रही है। माना जा रहा है कि सीमा पार से घुसपैठ कर आए आतंकी पिछले कुछ महीनों से वन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। उधर, सेना ने पुंछ इलाके में भी दो संदिग्धों को देखे जाने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

### शहादत का बदला लेंगे : उपराज्यपाल

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर कहा, हम अपने सैनिकों की शहादत का बदला लेंगे और आतंकवादियों तथा उनके मददगारों के नापाक मंसूबों को नाकाम करेंगे। मैं लोगों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और हमें उनके बारे में जानकारी देने का आह्वान करता हूं ताकि हम आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर सकें। उन्होंने कहा, हमारे देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।



डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान में हमारे बहादुर और साहसी जवानों की शहादत से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। देश हमारे जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी। हमारे सैनिक क्षेत्र में आतंकवाद का संकट खत्म करने तथा शांति-व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**




सेना के चार बहादुर जवानों की शहादत से बहुत व्यथित हूं। हम अपने उन बहादुरों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने भारत माता की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया। कायर आतंकियों द्वारा किए जा रहे हिंसा के इन कृत्यों के लिए कड़ी और स्पष्ट निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# अमेरिका जाएंगे पीएम मोदी

## 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र को कर सकते हैं संबोधित

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन वर्ष बाद फिर संयुक्त राष्ट्र महसभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र को 26 सितंबर को संबोधित कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की ओर से इस संदर्भ में अनंतिम सूची जारी की गई है। महासभा के 79वें सत्र में यह उच्च स्तरीय चर्चा 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा में भाग लेने वाले वक्ताओं की सूची जारी की है। कार्यक्रम के अनुसार भारत के शासनाध्यक्ष न्यूयार्क में स्थानीय समयानुसार 26 सितंबर को अपराह्न तीन से छह बजे के बीच महासभा को संबोधित करेंगे, यानी भारतीय समयानुसार 27 सितंबर की रात 12:30 से 3:30 बजे के बीच। अभी सूची को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। बाद में किसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए इस अद्यतन किया जाएगा।


### जो बाइडन का होगा अंतिम संबोधन

पारंपरिक रूप से महासभा अध्यक्ष ब्राजील के बाद सत्र को संबोधित करने वाला अमेरिका दूसरा राष्ट्र होगा। राष्ट्रपति जो बाइडन के इस कार्यकाल का महसभा में यह अंतिम संबोधन होगा, क्योंकि अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस महासभा के 79वें सत्र में आम चर्चा शुरू होने से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। पिछले महीने भारत के प्रधानमंत्री पद पर लगातार तीसरे कार्यकाल के चुने गए नरेन्द्र मोदी ने इससे पहले सितंबर, 2021 में महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया था।

आबकारी नीति

# सिसोदिया की याचिका पर जांच एजेंसियों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सीबीआई और



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जमानत की मांग करते हुए सिसोदिया ने कहा है कि वह करीब 16 माह से जेल में बंद हैं और मुकदमे का ट्रायल आज भी उसी चरण में है, जो पिछले साल अक्टूबर में था। जस्टिस बीआर गवई, संजय करोल और केवी विश्वनाथन की पीठ ने आप नेता सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर अगली सुनवाई 29 जुलाई तय कर दी है। आप नेता सिसोदिया की ओर से पेश अधिवक्ता विवेक जैन ने पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल 16 माह से जेल में हैं।

# केजरीवाल के PA बिभव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

- 30 जुलाई को कोर्ट में होंगे पेश
- मालीवाल से मारपीट के आरोप में हुए थे गिरफ्तार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार (16 जुलाई) को स्वाति मालीवाल केस में सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ 500 पेज की चार्जशीट दाखिल कर दी है। बिभव कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीस हजारी कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि 30 जुलाई को बिभव कुमार को पेश किया जाए।





### 16 जुलाई को खत्म हुई थी न्यायिक हिरासत

बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई को खत्म हुई। 12 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें को बेल देने से इनकार कर दिया। जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि आपको जमानत देने का कोई ग्राउंड नहीं बनता।

### बिभव कुमार पर क्या है आरोप

बिभव कुमार पर 13 मई को सीएम आवास पर AAP सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप है। उन्हें 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। तब से वे जेल में हैं। दिल्ली की एक अदालत ने 7 जुलाई को बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ाई थी। मालीवाल की शिकायत के आधार पर बिभव कुमार के खिलाफ IPC की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 354बी (महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 341 (गलत तरीके से रोकने की सजा), 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) और धारा 509 (शब्द, इशारा या कार्य जिसका उद्देश्य किसी महिला की गरिमा का अपमान करना है) के तहत FIR दर्ज है।

### हाईकोर्ट ने बिभव की याचिका को सुनवाई योग्य बताया था

बिभव कुमार ने ट्रायल कोर्ट से दो बार जमानत याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने 1 जुलाई को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली बिभव कुमार की याचिका को स्वीकार कर लिया।

# उत्तराखंड के ग्लेशियर में बाबा ने बनाया अवैध मंदिर

**एजेंसी । देहरादून**

उत्तराखंड के बागेश्वर में सुंदरढूंगा ग्लेशियर पर 5,000 मीटर की ऊंचाई पर एक बाबा ने सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से मंदिर बना लिया है। वहां बने पवित्र जल कुंड को स्विमिंग पूल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। स्वयंभू बाबा योगी चैतन्य आकाश पर ये आरोप लगे हैं। उनका कहना है कि उन्हें खुद देवी मां ने सपने में आकर यह मंदिर बनवाने का आदेश दिया था। स्थानीय ग्रामीण महेंद्र सिंह धामी ने बताया कि बाबा ने यही दावा करके गांव वालों से मंदिर बनाने में मदद मांगी।



### स्थानीय लोग बाबा के विरोध में उतरे

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाबा ने पवित्र देवा कुंड को तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों के लिए स्विमिंग पूल बना दिया है। अक्सर वे कुंड में नहाते दिखते हैं। स्थानीय निवासी प्रकाश कुमार ने कहा- हमारी मान्यता है कि हर 12 साल में नंदा राज यात्रा के दौरान देवी-देवता देवी कुंड में आते हैं। इस बाबा ने लोगों को गुमराह करके हमारी परंपराओं के खिलाफ यह मंदिर बना डाला है। स्थानीय लोग अब बाबा के विरोध में उतर आए हैं।

# नूपुर शर्मा के खिलाफ भड़काऊ नारे के सभी आरोपी बरी

**जयपुर।** पूर्व भाजपा नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह के द्वार से भड़काऊ नारे लगाने के सभी छह आरोपियों को अजमेर की एक अदालत ने मंगलवार को बरी कर दिया।



नूपुर शर्मा की 2022 में पैगंबर पर की गई टिप्पणी के बाद इन छह लोगों पर यह आरोप लगे थे। सरकारी वकील गुलाम नजमी ने बताया कि दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती, ताजिम सिद्दीकी, फारूक जमाली, नासिर, रियाज हसन और मोइन को सभी आरोपों से बरी किया गया है। उन्होंने कहा कि विस्तृत आदेश के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि किस आधार पर उन्हें बरी किया गया है।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई स्थगित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 16 जुलाई को बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जाए, जिसमें सभी 25 हजार नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है। सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने निर्देश दिया कि सभी याचिकाकर्ता को 2 सप्ताह के भीतर अपने काउटंर एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया है। ऐसा ना करने पर काउटंर एफिडेविट दाखिल करने का अधिकार समाप्त हो जाएगा। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख तय नहीं की है।

### SC ने लगाई थी CBI जांच पर रोक



इससे पहले 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने पूछा था कि क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही तरीके से किए गए टीचर्स के अपॉइंटमेंट को अलग किया जा सकता है? चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था, देखिए इसे किस तरह से किया गया। ओएमआर शीट को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। जो लोग पैनल में नहीं थे, उन्हें रिक्रूट किया गया। यह फ्रॉड है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को 2016 में की गई 25 हजार 753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।

**राजनीति** | राहुल गांधी पर BRS नेता ने साधा निशाना

# 10 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग

**एजेंसी । हैदराबाद**

तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (BRS) के 10 विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के बाद सियासी तूफान थम नहीं रहा है। मंगलवार को बीआरएस ने विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार से याचिका के माध्यम से कांग्रेस में शामिल होने वाले अपने 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव और पार्टी के अन्य विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को याचिकाएं सौंपीं। रामा राव ने बताया कि अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि वे याचिकाओं पर गौर करेंगे और कानून व संविधान के प्रावधानों पर विचार करने के बाद निर्णय लेंगे।



### कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल उल्लंघन का भी आरोप

बीआरएस प्रतिनिधिमंडल ने आधिकारिक कार्यक्रमों में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के बारे में भी विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत की। आरोप है कि आधिकारिक कार्यक्रमों में बीआरएस विधायकों की अनदेखी की गई है।

### 6 एमएलसी भी कांग्रेस में हो चुके शामिल

बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे रामा राव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष को तीन महीने के भीतर अयोग्यता पर फैसला करना चाहिए। यह बात विधानसभा अध्यक्ष प्रसाद कुमार को बताई गई है। बता दें कि बीआरएस के 10 विधायकों के अलावा छह एमएलसी भी कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं।

### कांग्रेस ने बीआरएस पर किया पलटवार

कांग्रेस का कहना है कि चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पार्टी को दलबदल के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि बीआरएस ने सत्ता में रहते हुए अन्य दलों के विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल कराया था। 2023 में हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव में बीआरएस को कुल 39 और कांग्रेस को 64 सीटों पर जीत मिली थी।

# चांदीपुरा वायरस से 6 बच्चों की मौत

**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात में चांदीपुरा वायरस के चलते 5 दिन में 6 बच्चों की मौत हो गई है। गुजरात के स्वाथ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि अभी तक राज्य में 12 बच्चे इस वायरस से इन्फेक्टेड हैं। इस वायरस का इन्फेक्शन 9 साल से 14 साल के बच्चों को ही होता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने बताया कि चंदीपुरा वायरस से बच्चों में फीवर और फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। इसके बाद इन्सेफेलाइटिस यानी दिमाग में सूजन तक हो सकती है, जो बच्चों की मौत का कारण बन सकती है। यह वायरस मच्छर और मक्खियों



से इंसानों में फैलता है। ऋषिकेश ने बताया कि फिलहाल राज्य में 12 बच्चों में से 4 साबरकांठा, 3 अरावली, 1 महीसागर, 1 खेड़ा और 2 राजस्थान, 1 मध्य प्रदेश से हैं। हालांकि, इन सभी का इलाज गुजरात में अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया अलर्ट जारी

चांदीपुरा वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश भर में अलर्ट जारी कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है की अगर किसी को इसके लक्षण दिखे तो तुरंत हॉस्पिटल जाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह वायरस ज्यादा खतरनाक नहीं है, क्योंकि यह ज्यादा संक्रामक नहीं है। वायरस से बचाव के लिए अभी तक 4,487 घरों में स्क्रीनिंग की गई है। स्वास्थ्य विभाग चौबीस घंटे काम कर रहा है, ताकि ये बीमारी और ना फैलें।